तापमान

अधिकतम 31.1 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



रिवरव्यू रोड पर तैयार हो रहा पटाखा दुकान।



नायब तहसीलदार के खिलाफ जुर्म दर्ज



बिलासपुर। रिवरव्यू में कार खड़ी कर जन्मदिन मनाने वाले कार मालिक नायब तहसीदार के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सरजूबगीचा निवासी अमित साहू पिता श्याम सुन्दर साहू 35 साल ने रिपोर्ट लिखाई। 18 अक्टूर की रात 1 बजे रिवरव्यू से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान कार क्रमांक सीजी 04 एनवाय, 1910 के चालक, धारक सड़क पर कार खड़ी कर जन्मदिन मना रहे थे, जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही थी। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर कार धारक, चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 126, 285 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। बताया जाता है जन्मदिन मनाने वाला रायपुर अभनपुर में नायब तहसीलदार है। सड़क पर जन्मदिन मनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर जोरों से वायरल हुआ था। कार के पीछे कार्यपालिक दण्डाधिकारी लिखा हुआ था।

निगम के पास नियमित व ठेका कर्मचारियों को वेतन देने के भी पैसे नहीं

शासन ने रोका निगम का 50 करोड़ अब इससे बिजली बिल जमा होगा

विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

नगर निगम बिलासपुर वित्तीय संकट से जूझ रहा है। निगम के पास अपने नियमित और ठेका कर्मचारियों को वेतन देने के भी पैसे नहीं है। ठेकेदारों का भी भुगतान नहीं हो रहा है, जिससे वे निर्माण कार्य नहीं कर रहे हैं। शासन से राशि की मांग की गई है लेकिन वह भी नहीं मिल रही है। आलम यह है कि शासन ने मिलने वाली मुद्रांक और संधारण शुल्क की 50 करोड़ की राशि रोक रखा है। इसके साथ ही 4 करोड़ का आबकारी शुल्क नहीं दिया जा रहा है। शासन का कहना है कि इस राशि को बकाया बिजली बिल में समाहित किया जाएगा। गौरतलब है कि बिलासपुर नगर निगम का बिजली बिल का करीब 150 करोड़ रुपए का बिल बकाया है। इसी कारण बिजली विभाग लगातार स्ट्रीट लाइट, विकास भवन और दूसरी जगहों के कनेक्शन काट रहा है। अब निगम ने अपनी संरक्षित निधि से पांच करोड़ रुपए निकालने का प्रस्ताव एमआईसी में पास किया है। इस राशि से कम से कम दिवाली पर



- संरक्षित निधि से पांच करोड़ रुपए निकालने का प्रस्ताव एमआईसी में पास किया

कर्मचारियों का वेतन भुगतान किया जाएगा।

गौरतलब है कि नगर निगम को राज्य शासन से रजिस्ट्री का मुद्रांक शुल्क मिलता है। इस फंड का उपयोग निगम कर्मचारियों को वेतन देने में आम तौर पर किया जाता है। इसमें फिलहाल परेशानी हो रही है। संपत्तिकर और अन्य वसूली मिलाकर भी निगम को अपने कर्मचारियों को वेतन देने में परेशानी होती है। इसके चलते उसे शासन से मिलने वाले फंड पर निर्भर रहना पड़ता है। पिछले दो सालों से निगम को फंड प्राप्त नहीं हुआ है। निगम को दोनों मद से करीब 50 करोड़ मिलने हैं।

हर महीने 5 करोड़ का स्थापना व्यय

ध्यान रहे कि नगर निगम के 1100 अधिकारी, कर्मचारियों का वेतन सवा दो करोड़ रुपए प्रति माह है। इतना ही रुपया बिजली बिल, वाहनों का ईंधन, मेंटेनेंस आदि पर खर्च होता है। इस तरह 5 करोड़ रुपए के भारी भरकम स्थापना व्यय की तुलना में निगम को संपत्ति, सफाई, समेकित कर, बाजार व दुकान किराया आदि सहित शासन से प्राप्त होने वाले चुंगी क्षतिपूर्ति, बार लाइसेंस, मुद्रांक शुल्क आदि के अंशदान को मिलाकर 40 करोड़ के आसपास सालाना आय होती है। जबकि खर्च 60 करोड़ सालाना है।

ठेका समाप्त, निगम कर रहा टैक्स वसूली

दूसरी ओर टैक्स वसूली में इस साल निगम ने पूरी ताकत झोंक दी। इसी कारण 100 करोड़ तक का राजस्व निगम को प्राप्त हुआ। पिछले करीब 10 सालों में यह रिकार्ड ही रहा। निगम ने उन 173 बकायदारों को भी नोटिस जारी करते हुए टैक्स की राशि जमा कराई गई, जिन्होंने लम्बे समय से टैक्स नहीं दिया था और इनका बकाया साल दर साल बढ़ते जा रहा था। ज्ञात हो कि शासन ने ठेका कंपनी स्पायरोकेयर का अनुबंध समाप्त कर दिया है। इसके बाद निगम स्टाफ ही टैक्स वसूली कर रहा है।

संधारण मद की राशि भी नहीं मिली

दूसरी ओर निगम के पास जर्जर वाहनों की रिपेयरिंग, खत्म हो चुके इंश्योरेंस के नवीनीकरण यहां तक कि पेयजल के लिए मोटर पंप, पाइप लाइन आदि की खरीदी के लिए पैसे नहीं हैं। शासन से इसके लिए मिलने वाला 10 रुपए भी नहीं मिला है। दरअसल बिलासपुर निगम को संधारण और मरम्मत व्यय के नाम पर हर तीन महीने में एक करोड़ 90 लाख रुपए की राशि मिलती है। दो साल बीत जाने के बाद भी इस राशि का आबंटन राज्य सरकार की ओर से नहीं किया जा सका है इसलिए परेशानी हो रही। गौरतलब है कि इस संधारण और मरम्मत व्यय से 4 लाख रुपए से कम के काम शहर में किए जाते हैं। इसमें सड़क मरम्मत से लेकर, पाइल लाइन लीकेज, गाड़ियों की मरम्मत और दूसरे काम शामिल हैं।

शासन से मांग की गई

संधारण मद के साथ ही मुद्रांक शुल्क की राशि की मांग शासन से की गई है। कहीं से काम प्रभावित होने की कोई शिकायत भी नहीं आई है। बहुत जरूरी होने पर दूसरे मद से राशि खर्च कर दी जाती है, जिसे बाद में समायोजित कर लिया जाता है। बिजली बिल जमा कराया जा रहा है।

- **प्रकाश कुमार सर्वे,** निगम आयुक्त

नए हाइटेक बाजार में इन सुविधाओं का दावा



- निगम ने नई जगह पर चबूतरे, दुकान और गोदाम के साथ ही शेड बनाया।
- नया मल्टीलेबल बाजार बनेगा, डीएमएफ मद से 14 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए।

इधर निगम प्रशासन का दावा है कि, नए मार्केट के निर्माण के बाद मिशन स्कूल से देवकीनंदन स्कूल की ओर और मेन पोस्ट आफिस की ओर जाने वाले रोड पर ट्रैफिक की समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगी। रोड पर न तो दुकानें लगेंगी और नहीं वाहन पार्क होंगे। नए मार्केट में लेडिज, जेंट्स के टायलेट अलग-अलग होंगे। बेसमेंट पार्किंग होगी, जहां 164 बाइक व 64 कार पार्क होंगे। ग्राउंड फ्लोर पर सभी सब्जी विक्रेताओं के लिए बड़े आकार के चबूतरे उपलब्ध होंगे। फर्स्ट फ्लोर में गोदाम और अन्य दुकानें आबंटित की जाएंगी।

दिवाली के बाद गोंड़पारा में शिफ्ट होगा बृहस्पति बाजार, हाईकोर्ट से रोक हटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बृहस्पति बाजार के सब्जी व्यापारियों को हटाने पर लगी स्टे को हाईकोर्ट ने हटा लिया है और अब दिवाली के बाद इनकी शिफ्टिंग गोंड़पारा में की जाएगी। निगम की ओर से हाईकोर्ट में कहा गया कि व्यापारियों को नई जगह पर सभी सुविधाएं दी जा रहीं हैं। इसके बाद निगम ने यहां चबूतरे, दुकान और गोदाम के साथ ही शेड बना दिया है। इसके साथ ही जिन व्यापारियों को हटाया जाएगा उन्हें फिर से नियमानुसार नया मल्टीलेवल बाजार बन जाने के बाद जगह दी जाएगी। ध्यान रहे कि शहर के प्रमुख चिल्हर सब्जी बाजारों में से एक बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने की योजना है। इस बाजार को मुन्नूलाल स्कूल परिसर, गोंड़पारा में शिफ्ट किया जाएगा। हाईकोर्ट ने व्यवस्थापन से पहले व्यापारियों को सुविधाएं देने कहा था।

लंबे समय से ट्रैफिक जाम, अव्यवस्था, गंदगी और बदबू जैसी समस्याओं से जूझ रहे इस सब्जी बाजार को अब मल्टी लेवल सब्जी बाजार के रूप में विकसित किया जाएगा। नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक में प्रस्ताव पारित हो चुका है और डीएमएफ मद से 14 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। निगम के मुताबिक निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद 242 पक्के चबूतरे, व्यवस्थित पार्किंग और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बाजार तैयार होगा। इससे व्यापारियों को स्थायी और सुरक्षित स्थान मिलेगा, वहीं ग्राहकों को भी सुगम और स्वच्छ वातावरण में खरीदारी की सुविधा उपलब्ध होगी।

नोटिस की प्रकिया का पालन नहीं

गौरतलब है कि याचिका में व्यापारियों की ओर से कहा गया था कि हटाने से पहले निगम ने नोटिस नहीं दिया था। व्यापारी सालों से इसी जगह पर कारोबार करके अपना परिवार पालते हैं। याचिका में कहा गया कि निगम ने व्यापारियों को रिएलाटमेंट के लिए कोई गाइडलाइन तय नहीं की है। नया बाजार बन जाने के बाद किन व्यापारियों को कितनी जगह, किन शर्तों पर दी जाएंगी इस बारे में निगम का कोई अधिकारी बोलने को तैयार नहीं है। क्या निगम जगह एलाट के लिए किराया या प्रीमियम लेगा और हां तो कितना इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी जा रही है।

गोंड़पारा निवासियों ने किया है विरोध

हालांकि बृहस्पति बाज़ार को मुन्नूलाल स्कूल परिसर में शिफ्टिंग का विरोध किया जा रहा है। मोहल्लेवासियों के साथ ही सब्जी व्यापारियों ने इसे गलत बताया है। लोगों का कहना है कि यह क्षेत्र पहले से ही शनिचरी बाज़ार, गोल बाज़ार, सदर बाज़ार, सिटी कोतवाली मार्केट एवं सराफा जैसे अत्यधिक व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्रों से घिरा हुआ है। साथ ही, सिम्स अस्पताल के कारण प्रतिदिन यहां भारी यातायात दबाव बना रहता है। ऐसे में एक बड़े साप्ताहिक बाजार का यहां विस्थापन करना स्थिति को विस्फोटक बना देगा, जिससे आम नागरिकों, मरीजों, एम्बुलेंस सेवाओं एवं स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। दूसरी ओर व्यापारियों का कहना है कि गोंड़पारा में सुरक्षा और बाउंड्री भी नहीं है। पर्याप्त सड़क, यातायात और बुनियादी सुविधाओं का अभाव व्यापार और जनजीवन दोनों को प्रभावित करेगा।



DCT REAL ESTATE DEVELOPERS | 40 Years Fuelling the Nation, Greening the Future | SECL South Eastern Coalfields Limited

PRESENT

NEXT LEVEL NETWORK TO NETWORTH... 2.0

31ST OCT 2026 KEYNOTE SESSION ON (SATURDAY)

2:00PM TO 5:00PM BUSINESS CONCLAVE | 5:00PM TO 8:00PM TRAINING SESSION

POWERED BY : UNITY HOSPITAL | ARPA RIVER VALLEY INTERNATIONAL SCHOOL | PRAYAS GROUP OF INSTITUTIONS

HOTEL CHAWLA GREENS MOPKA, BILASPUR (C.G.)

Hurry Limited Seats!



BNI BILASPUR SOUTH

SCAN TO BOOK YOUR SEAT

DR. UJJWAL PATNI
BUSINESS COACH | TRAINER | SPEAKER

EXCLUSIVE TRAINING SESSION IS DESIGNED for Businessmen, Entrepreneurs, Women Entrepreneurs, and Management



अगर आपके मन में अपने बिजनेस को बड़ा बनाने का सपना है नए बाजारों तक पहुँचने की इच्छा है और कुछ नया करने का जुनून है, तो आपको लगातार सीखते रहना होगा। क्योंकि बिजनेस में आगे बढ़ने के लिए केवल अनुभव ही नहीं, बल्कि नए विचारों और बदलते समय के अनुसार खुद को तैयार करना भी जरूरी है।

श्री प्रवीण झा
डायरेक्टर - फील ग्रूप



एक बिजनेस को शुरू करना बड़ी बात है, लेकिन उसे एक मजबूत टीम के साथ आगे बढ़ाना उससे भी बड़ी जिम्मेदारी है। कई बार हमारे पास अच्छे कर्मचारी होते हैं, संसाधन होते हैं, अवसर भी होते हैं, लेकिन टीम के बीच तालमेल की कमी के कारण हम अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं कर पाते।

श्री राजेन्द्र सिंह राजपूत
डायरेक्टर - डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर्स



हम सभी अपने बिजनेस में मेहनत करते हैं, समय देते हैं और अपने सपनों को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास करते हैं। लेकिन क्या केवल मेहनत करना पर्याप्त है? या मेहनत के साथ सही दिशा, सही रणनीति और सही निर्णय लेना भी जरूरी है? अगर आप भी अपने बिजनेस को बेहतर तरीके से समझना चाहते हैं, तो 31 अक्टूबर को डॉ. उज्ज्वल पाटनी जी के विशेष ट्रेनिंग सेशन में जरूर शामिल करें।

श्री कमल सोनी
अध्यक्ष - बिलासपुर सराफा एसोसिएशन



व्यापार में आपका प्रोडक्ट और आपकी सर्विस जितनी महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण है आपका नेटवर्क। कभी एक नई मुलाकात, एक नया विचार या एक सही कनेक्शन आपके बिजनेस के लिए नए अवसर खोल सकता है। 31 अक्टूबर को होटल चावला ग्रीन्स, बिलासपुर में लगभग 1,000 बिजनेस ओनर्स और प्रोफेशनल्स के बीच डॉ. उज्ज्वल पाटनी जी का ट्रेनिंग सेशन आयोजित होने जा रहा है।

श्री प्रकाश गवलानी
डायरेक्टर - श्री कृष्ण मॉल



क्या आप अपने बिजनेस को नई ऊँचाइयों तक ले जाना चाहते हैं? क्या आप चाहते हैं बेहतर टीमवर्क, प्रभावी लीडरशिप और ग्रोथ के नए अवसर? तो तैयार हो जाइए एक खास अनुभव के लिए! तो आप लोगों के लिए 31 अक्टूबर का दिन खास हो सकता है। सीखिए कुछ नया। सोचिए बड़ा। बढ़िए आगे। आपकी बिजनेस ग्रोथ की दिशा में एक नया कदम!

श्री प्रमोद केडिया
डायरेक्टर - सत्या आटोमोबाईल्स



क्या आपने कभी सोचा है कि दो व्यक्ति एक ही मार्केट में, एक जैसे अवसरों के साथ काम करते हैं, फिर भी उनकी सफलता में इतना अंतर क्यों होता है? अक्सर अंतर केवल मेहनत का नहीं, बल्कि सोच, निर्णय लेने की क्षमता और अपने काम को देखने के नजरिए का भी होता है। अगर आप अपने बिजनेस माइंडसेट को मजबूत करना चाहते हैं और नई संभावनाओं को समझना चाहते हैं, तो 31 अक्टूबर का दिन आपके लिए खास हो सकता है।

श्री राजेन्द्र चावला
डायरेक्टर - चावला ग्रीन्स



हर बिजनेसमैन के जीवन में एक ऐसा समय आता है, जब मेहनत करने के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते। कभी मार्केट की समस्या, कभी आर्थिक दबाव, तो कभी सही दिशा का अभाव। लेकिन सफल व्यक्ति वह नहीं है, जिसके सामने समस्याएँ नहीं आतीं। सफल वह है, जो समस्याओं का सामना करना जानता है और उनसे सीख लेकर आगे बढ़ता है। इसी सोच को मजबूत करने और अपने बिजनेस को बेहतर दिशा देने के लिए 31 अक्टूबर को डॉ. उज्ज्वल पाटनी जी का ट्रेनिंग सेशन

डॉ. असलम आरिफ
डायरेक्टर - गौरव हॉस्पिटल



क्या आप अपने बिजनेस को आज जहाँ है, उससे कहीं आगे ले जाना चाहते हैं? क्या आप चाहते हैं कि आपका बिजनेस तेजी से ग्रो करे, आपकी टीम बेहतर प्रदर्शन करे और आपको नए अवसर मिलें? तो आपके लिए एक खास अवसर है! 31 अक्टूबर को होटल चावला ग्रीन्स, बिलासपुर में आयोजित होने जा रहा है डॉ. उज्ज्वल पाटनी जी का विशेष ट्रेनिंग सेशन।

श्री भागचंद बजाज
अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स



दोस्तों, व्यापार करना जितना आसान दिखाई देता है, वास्तव में उतना ही चुनौतीपूर्ण होता है। कभी सही निर्णय लेने की चुनौती, कभी टीम को संभालने की, तो कभी अपने बिजनेस को अगले स्तर तक ले जाने की। लेकिन सवाल यह है कि इन चुनौतियों से बाहर कैसे निकलें और अपने बिजनेस को नई ऊँचाइयों तक कैसे पहुँचाएँ? इन्हीं महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है 31 अक्टूबर को जब डॉ. उज्ज्वल पाटनी जी हमारे बीच होटल चावला ग्रीन्स, बिलासपुर में उपस्थित रहेंगे।

डॉ. विनोद तिवारी
डायरेक्टर - संजीवनी हॉस्पिटल



अपने बिजनेस को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार हैं? क्या आप चाहते हैं कि आपका बिजनेस तेजी से आगे बढ़े, आपकी टीम बेहतर प्रदर्शन करे और सफलता के नए अवसर आपके दरवाजे पर दस्तक दें? तो अब समय है अपनी सोच को नई दिशा देने, अपनी कार्यशैली को बेहतर बनाने और बिजनेस ग्रोथ के नए रास्ते तलाशने का! एक खास अवसर, आपके बिजनेस को नई उड़ान देने का तो आइये 31 अक्टूबर होटल चावला ग्रीन्स, बिलासपुर ।

डॉ. अंकुर ठकराल
डायरेक्टर - यूनिटी हॉस्पिटल



क्या आपका बिजनेस अपनी वास्तविक क्षमता के अनुसार आगे बढ़ रहा है? क्या आपकी टीम आपके विजन को समझती है और साझा लक्ष्य के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रही है? बिजनेस में बड़ी सफलता हासिल करने के लिए जरूरी है सही सोच, प्रभावी नेतृत्व, बेहतर टीमवर्क और विकास की स्पष्ट रणनीति। इन्हीं पहलुओं पर नई दृष्टि प्राप्त करने का अवसर लेकर आ रहा है एक विशेष ट्रेनिंग सेशन। डॉ. उज्ज्वल पाटनी जी के साथ।

श्री सतीश शाह
अध्यक्ष - जिला उद्योग संघ



सपने बड़े हैं, तो सोच भी बड़ी होनी चाहिए! हर बिजनेस करने वाला व्यक्ति चाहता है कि उसका कारोबार बढ़े, उसकी पहचान बने, उसकी टीम मजबूत हो और उसकी मेहनत सफलता में बदले। लेकिन कई बार आगे बढ़ने के लिए सिर्फ मेहनत नहीं, बल्कि सही दिशा, सही रणनीति और सही मार्गदर्शन की भी जरूरत होती है। इसी सोच के साथ आइए, सीखें कुछ नया, डॉ. उज्ज्वल पाटनी जी का विशेष ट्रेनिंग सेशन के साथ।

श्री सुनील छाबड़ा
डायरेक्टर - सूर्या रॉयल स्वीट्स



BNI Next Level 2.0 केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि व्यापार जगत के लिए नए अवसरों और संभावनाओं की ओर बढ़ने का एक महत्वपूर्ण मंच है। यहाँ विचारों का आदान-प्रदान होगा, नए व्यावसायिक संबंध विकसित होंगे और व्यापारियों को एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने का अवसर मिलेगा। आज बनाए गए सार्थक संबंध कल नए सहयोग, नए अवसरों और व्यापारिक विकास की मजबूत नींव बन सकते हैं।

श्री संजय दुबे
चेयरमैन - सीएमडी कॉलेज



बिलासपुर के व्यापार को नई पहचान, नए अवसरों को नई उड़ान! किसी भी शहर की आर्थिक प्रगति में वहाँ के व्यापारियों और उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। BNI Next Level 2.0 इसी सकारात्मक सोच को आगे बढ़ाने का एक अवसर है। मुझे उम्मीद है कि यह आयोजन व्यापारियों के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने और भविष्य के लिए नई व्यावसायिक संभावनाएँ तलाशने में सहायक होगा।

श्री आशीष जायसवाल
मैनेजिंग डायरेक्टर - चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजे



BNI Next Level 2.0 व्यापारियों और उद्यमियों के लिए अपने व्यावसायिक नेटवर्क का विस्तार करने, नए दृष्टिकोण प्राप्त करने और संभावित सहयोग के रास्ते तलाशने का एक विशेष अवसर है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह आयोजन बिलासपुर के व्यापारिक समुदाय में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगा तथा भविष्य में मजबूत व्यावसायिक संबंधों और विकास की नई संभावनाओं को प्रोत्साहित करेगा।

श्री हीरानंद जयसिंह
अध्यक्ष - कैट बिलासपुर



BNI Next Level. 2.0 केवल एक आयोजन नही, बल्कि व्यापार जगत के लिए नए अवसरों का द्वार है। यहाँ बनने वाले नए संबंध भविष्य में बड़ी व्यावयायिक संभावनाओं का आधार बन सकते है। मुझे विश्ववास है कि यह आयोजन हमारे शहर के व्यापारियों को नई दिशा देगा।

डॉ. लक्ष्मी प्रसाद अनंत
डायरेक्टर - धनलक्ष्मी ए.सी.पी. वर्क्स



बिलासपुर का व्यापारिक समुदाय निरंतर प्रगति और विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस विकास यात्रा को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए आवश्यक है कि व्यापारी एवं उद्यमी आपसी सहयोग, विश्वास और साझा अनुभवों के माध्यम से एक-दूसरे की ताकत बनें। BNI Next Level 2.0 एक ऐसा महत्वपूर्ण अवसर है।

डॉ. अवनीश त्रिपाठी
डायरेक्टर - अविरल डेवलपर्स



BNI Next Level 2.0 व्यापारिक जगत में इसी सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है। यह आयोजन बेहतर संवाद, साझा अनुभव और दूरदर्शी व्यावसायिक दृष्टिकोण के माध्यम से नई संभावनाओं की ओर बढ़ने का अवसर प्रदान करता है।

श्री शंकर आहूजा
डायरेक्टर - आहूजा इलेक्ट्रॉनिक्स



बिजनेस में हर रणनीति पहली बार में सफल नहीं होती और हर अवसर अपेक्षित परिणाम नहीं देता। महत्वपूर्ण यह है कि आप गलती से क्या सीखते हैं, कितनी जल्दी सुधार करते हैं और अगली बार पहले से बेहतर निर्णय कैसे लेते हैं।

डॉ. किरण पाल सिंह चावला
डायरेक्टर - अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल



BNI Next Level 2.0 व्यापारिक जगत में इसी सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है। यह आयोजन बेहतर संवाद, साझा अनुभव और दूरदर्शी व्यावसायिक दृष्टिकोण के माध्यम से नई संभावनाओं की ओर बढ़ने का अवसर प्रदान करता है।

डॉ. सचिन यादव
चेयरमैन - प्रयास ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन

#MGR Advt.

SPECIAL DISCOUNT FOR STUDENTS AND WOMEN ENTREPRENEURS

CO-SPONSOR

SUPPORTED BY

अन्य सहयोगी संस्थाये

CALL FOR REGISTRATION : 8103718666, 9893056088

COME CONNECT COLLABORATE

हरिभूमि

बिलासपुर, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



पहल

एटीआर के वनग्राम में बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण



बिलासपुर। नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति मसानगंज ने पंडाल की अध्ययन सामग्रियों को अचानकमार टाइगर रिजर्व के बफर जोन एरिया में स्थित आदिवासी वन ग्राम बैगापारा और मानपुर में किया वितरित,साथ ही माननीय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह की मुहीम आओ संवारे कल अपना में अपनी भागीदारी निभाते हुए शिक्षा के प्रति जागरूकता मे अपना योगदान दिया, चेतना मित्र जीवधर्णी फाउंडेशन द्वारा चिन्हांकित अति अभावग्रस्त वन के गांव जहाँ बैगापारा में बैगा जनजाति के लोग निवास करते हैं तथा मैनपुर में गोंड जनजाति के लोग निवास करते हैं। ये दोनों शिवतराई के निकट हैं पर दोनों मुख्य मार्ग से कई किलोमीटर अंदर वन क्षेत्र में है, ये इन अभावग्रस्त गांव में माता का आशीर्वाद स्वरुप बच्चों को पंडाल से निकाली गई अध्ययन सामग्री को बच्चों में वितरित किया गया, तथा बालिकाओं को माता का स्वरूप मानकर सम्मान करते हुए उनको स्कूल के जूते भेंट किए गए। दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों ने जीवधर्णी फाउंडेशन के साथ वन क्षेत्र में जाकर यह प्रेरणादायक पुनीत कार्य किया,नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति मसानगंज के संजय वर्मा, मंटू दीक्षित, गुड्डु सिंह कुणाल शर्मा, साहिल डालनी, माधव लाल यश पंजवानी, हर्षित वर्मा, सौम्य दीक्षित तथा जीवधर्णी फाउंडेशन से विकास वर्मा, रामचरण यादव, प्रदीप कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

आयोजन

स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट कॉलेज में एनएसएस का स्वच्छता अभियान



बिलासपुर। स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम मॉडल कॉलेज में राशी स्टील पावर प्लांट के सहयोग से एनएसएस इकाई द्वारा 24 अक्टूबर को कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में राशी स्टील पावर प्लांट के विशेष सहयोग और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान के दौरान कॉलेज परिसर में स्थित गार्डन और बॉटनिकल गार्डन में साफ-सफाई की गई। इस दौरान खरपतवार हटाए गए तथा प्लास्टिक कचरे का उचित निवारण किया गया, जिससे परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान प्राध्यापक- आरके सचदेवा ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला व इसे व्यक्ति के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बताया । राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एलके गवेल के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई। वहीं, एनएसएस लीडर हिमांशी साहू ने भी स्वयंसेवकों के साथ मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। इस दौरान अन्य अध्यापक, कर्मचारी और एनएसएस के स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया।

धर्म-क्षेत्र

गुरु रामदास का प्रकाश पर्व आज, अटूट लंगर बरतेगा



बिलासपुर। गुरु रामदास के प्रकाश पर्व बड़े ही धूम धाम से दयालबंद गुरुद्वारे में मनाया जा रहा है, जिसमें पानीपत से आए रागी जत्थों द्वारा बड़ा ही अलौकिक कीर्तन किया जा रहा है। दो दिनों से गुरुद्वारा साहिब में कीर्तन की सेवा हो रही है,जिसमें पानीपत से आए रागी भाई हरकीरत सिंह और दयालबंद गुरुद्वारे के रागी सिंग भाई हुस्न प्रीत सिंह एवं भाई मान सिंह हेड ग्रंथि कर रहे है। दयालबंद गुरुद्वारा के सहयोग से एवं सुखमनी साहिब सर्कल द्वारा गुरु रामदास का प्रकाश पर्व मंगलवार को मनाया जाएगा। जिसमें समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर वरताया जाएगा, सुबह 51 सहेज पाठ की समाप्ति हेड ग्रंथि भाई साहब मान सिंह द्वारा कराई जाएगी। गुरु रामदास का जन्म 1534 में हुआ था उन्हें गुरु अमरदास ने 1574 में गुरु गद्दी में बैठाया था वे सिख पंथ के चौथे गुरु थे उन्होंने अमृतसर शहर की स्थापना की और हरमंदिर साहिब के निर्माण की शुरुवात की। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सिख पंथ के प्रथम गुरु श्री गुरु नानकदेव के प्रकाश पुरख के उपलक्ष्य में 15 नवंबर से 21 नवंबर तक प्रभात फेरी सुबह अमृतवेले निकलने की तैयारी भी कर रही है। 21 नवंबर को नगर कीर्तन निकाला जाएगा। संस्था के सदस्य हरमीत कौर, गभीर मनप्रीत कौर, संदीप कौर, सलूजा रविंदर कौर गंभीर, खुशबू कौर छाबड़ा, दविंदर कौर, जसमीत कौर, सेवा कर रहे है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार परमजीत सिंह सलूजा, सचिव अमरजीत सिंह दुआ, कोषाध्यक्ष गुरदीप सिंह अजमानी, उपाध्यक्ष मंजीत सिंह अरोरा, सह सचिव जसवीर सिंह गांधी, सोनू अमनदीप सिंह होरा, सतिंदर सिंह गांधी, बलजीत सिंह गंभीर, रमनदीप सिंह सलूजा आदि का पूरा सहयोग मिल रहा है।

करवा चौथ 29 को, बाजार में दिखने लगी रौनक

कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाए जाने वाले करवा चौथ को लेकर अभी से बाजारों में भारी रौनक देखी जा रही है। इस वर्ष करवा चौथ का व्रत 29 अक्टूबर को रखा जाएगा, जिसे लेकर सुहागिन महिलाओं में खासा उत्साह है। पति की दीर्घायु और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना के लिए रखे जाने वाले इस निर्जला व्रत से पहले महिलाओं ने अपने सोलह श्रृंगार और पूजा सामग्री की जमकर खरीदारी शुरू कर दी है। त्योहार के मद्देनजर शहर के मुख्य बाजारों गोलबाजार, शनिचरी, कपड़ा मार्केट, सराफा बाजार से लेकर स्थानीय बाजारों पर पूजा-श्रृंगार की दुकानें पूरी तरह सज चुकी हैं। साड़ी शो-रूम, ज्वेलरी शॉप, कॉस्मेटिक स्टोर्स और पूजा सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुकानदारों का कहना है कि त्योहार के कारण व्यापार में भारी उछाल आया है और वे महिलाओं की पसंद के अनुसार एक से बढ़कर एक नए कलेक्शन डिमांड के मुताबिक उपलब्ध करा रहे हैं। लिंक रो स्थित साड़ी कलेक्शन हाउस के संचालक ने बताया कि पारंपरिक परिधान और साड़ियां में करवा चौथ पर पारंपरिक लाल, मैरून और सुनहरे रंगों की सूरत और बनारसी साड़ियों की भारी मांग है। इसके साथ ही इस बार एथनिक को-ऑर्ड सेट्स, अनारकली सूट्स और शरारा सेट्स भी महिलाओं की पहली पसंद बने हुए हैं।

व्रत की तैयारी में जुटीं सुहागिन, सोलह श्रृंगार और पूजा सामग्रियों की बढ़ी डिमांड







मोतियों से सजी डिजाइनर पूजा थाली व छलनी खास

शहर के फैसी स्टोर्स, प्रसिद्ध टूरी हटरी बाजार पुरानी बस्ती में सुहाग की निशानी मानी जाने वाली कांव की लाल व हरी चूड़ियों के अलावा राजस्थान की प्रसिद्ध लाख की चूड़ियों, कुंदन कंगन और वेलवेट चूड़ियों के सेट की खरीदारी कर रहे हैं। वहीं पूजा सामग्रियों में पूजा के लिए जरूरी माने जाने वाले मिट्टी के करवे, छलनी, कांसे के दीये और सींक की बिक्री काफी तेज है। इसके अलावा बाजारों में गोटा-पट्टी और मोतियों से सजी खूबसूरत डिजाइनर पूजा थाली सेट्स भी खूब पसंद किए जा रहे हैं। अखंड सौभाग्य की कामना से जुड़े इस पर्व में सिंदूर, बिंदी, काजल, महावर, बिछिया, पायल, बाजूबंद और मेहंदी जैसे सोलह श्रृंगार के सामान की खरीवारी जोरों पर है।

मेहंदी डिजाइनर की एडवांस बुकिंग

करवा चौथ पर हाथों में पिया के नाम की मेहंदी रचाना बेहद शुभ माना जाता है। बाजारों में जगह-जगह मेहंदी लगाने वाले कारीगरों के स्टॉल सज गए हैं, जहां महिलाओं ने त्योहार से एक सप्ताह पहले के लिए अभी से एडवांस बुकिंग शुरू कर दी है। शहर की मेहंदी डिजाइनर मानसी वर्मा ने बताया कि अरबी, मारवाड़ी, फ्लोरल और पोट्रेट मेहंदी डिजाइनों का इस साल काफी क्रेज देखा जा रहा है।

व्रत और पूजा का शुभ मुहूर्त

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस साल करवा चौथ का व्रत विशेष संयोगों के साथ आ रहा है। 29 अक्टूबर को शाम को पूजा का शुभ मुहूर्त रात्रि 5.38 से 6. 56 बजे तक रहेगा, जो करीब 1 घंटे 17 मिनट की अवधि का होगा। वहीं व्रत के समापन के लिए रात में चंद्रोदय का समय 8.17 बजे के आसपास रहने की उम्मीद है, जिसके बाद सुहागिनें चंद्रमा को अर्घ्य देकर अपना व्रत खोल सकेंगी।

महर्षि वाल्मिकी महोत्सव पर गुरुद्वारा में पूजा



बिलासपुर। महर्षि वाल्मिकी समाज ने इस वर्ष भी महर्षि वाल्मिकी जयंती महोत्सव भव्य रूप से मनाया गया। दो दिवसीय इस आयोजन में सुबह महर्षि वाल्मिकी गुरुद्वारा में पूजा की गई। बच्चों के लिए खेलकूद रखा गया। शोभायात्रा भी निकाली गई। इन आउट सर्किल गेम में प्रथम आलिया खरगोशिया, द्वितीय भावेश पाल, तृतीय स्थान पर सारांश करोशिया रहा। दूसरे वर्ग में प्रथम खुशी करोशिया, द्वितीय देवेंद्र, तृतीय कशक करोशिया, मेमोरी टेस्ट गेम में प्रथम अर्श जेदीया, द्वितीय देवेंद्र करोशिया, तृतीय भावेश पाल, कप कलेक्शन में प्रथम सारांश करोशिया, द्वितीय भावेश पाल, तृतीय देवेंद्र करोशिया, दौड़ में प्रथम अर्श जेदिया, द्वितीय सोनिया करोशिया, तृतीय यामिनी करोशिया, ड्राईंग में प्रथम भावेश पाल, द्वितीय यामिनी करोसिया, तृतीय आलिया खरगोसिया रही। इस अवसर पर अध्यक्ष अजीत गोहर,पूर्व अध्यक्ष सूरज पारचे, मनीष चौहान, राजू करोसिया, अजय राज चौहान, ओंकार प्रसाद महरौलिया,महेंद्र पाल, नरेश गोदरे, शैलेंद्र वाल्मीकि, मनजीत पारचे, अजय शिव (खन्ना), नितिन पाल व महिला समिति से सरोज राज चौहान पूजा नितिन पाल रीता गोदरे सावित्री गोदरे मौजूद रहें।

खेलकूद, रंगोली में दिखाई प्रतिभा



गुरु गद्दी की पूजा कर की गई अरदास

दूसरे दिन सोमवार को वाल्मीकि गुरुद्धारा कस्तूरबानगर में गुरु गद्दी की पूजा-अर्चना कर अरदास की गई। इसके बाद वाल्मिकी चौक में महर्षि वाल्मिकी की गंगा स्नान कर पूजा कर आरती की गई। इस दौरान समाज के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही। दोपहर में लखीराम आडिटोरियम में रंगोली प्रतियोगिता रखी गई। शाम को फैंसी ड्रेस के साथ बच्चों एवं बड़ों का डांस कार्यक्रम रखा गया। इसमें बच्चों ने एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति दी। महर्षि वाल्मिकी जयंती के जन्मोत्सव का कविता, लेख का मंच से पेश किया गया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी के हाथो किया गया। इस मौके पर समाज के लोग परिवार सहित उपस्थित रहे। अंत में भंडारा एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया। यह जानकारी सचिव अनिल डागोर महर्षि वाल्मिकी समाज ने दी।

वाद-विवाद में छात्राओं ने दी खुलकर अभिव्यक्ति

बिलासपुर। शासकीय माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत एस.ई.सी.एल. बिलासपुर के सौजन्य से निबंध तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह आयोजन महाविद्यालय की साहित्यिक समिति ने किया।

- माता शबरी कॉलेज में विविध स्पर्धाएं

सत्य निष्ठा से समृद्धि विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. संस्कृति तिवारी बी. लिब., द्वितीय कु. निशा सारथी पीजीडीसीए एवं तृतीय स्थान कुमारी सुषमा साहू एमकॉम. ने प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्राओं ने खुलकर अभिव्यक्ति दी। वर्तमान राजनीतिक एवं सामाजिक व्यवस्था पर बोलते हुए कहा कि सत्य निष्ठा से प्राप्त समृद्धि ही शाश्वत है। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. यामिनी सिदार बीएससी प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय कु. अंजनी सोनकर बी.ए. प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान कु. निक्की पटवा एम.ए. इतिहास तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ बेला महंत ने किया। डॉ रश्मि जैन तथा कु. खगेश्वरी साहू का कार्यक्रम के संचालन में विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिताओं की निर्णायक डॉ शशिकला सिंहा, डॉ आरती सिंह ठाकुर तथा डॉ शोभा महिश्वर रहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही।



ईमानदारी से ही प्राप्त की जा सकती है समृद्धि : महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नंदिनी तिवारी ने कहा कि समृद्धि का अर्थ केवल बाह्य भौतिक समृद्धि नहीं है वरन आंतरिक समृद्धि है। ईमानदारी, नैतिक मूल्य और सत्य पर आधारित होकर ही इस समृद्धि को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम की संयोजक डॉ इसाबेला लकड़ा विभागाध्यक्ष हिंदी ने छात्राओं को अभिव्यक्ति हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि वाद-विवाद से विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति को मंच मिलता है तथा उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है।

ब्राम्हण पारिवारिक सम्मेलन 15 नवंबर को

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण विकास परिषद् की एक बैठक इमलीपारा में समाज के भवन में बुलाई गई, बैठक की अध्यक्षता डॉ प्रदीप शुक्ला ने किया, कार्यक्रम का संचालन संजय शर्मा ने किया, बैठक में मुख्य रूप से ब्राम्हण पारिवारिक वार्षिक सम्मेलन कराए जाने का निर्णय लिया गया है, जो 15 नवंबर को समाज के विधायक सुशांत शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया जाएगा। समाज के प्रमुख लोगों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा यह सम्मेलन व्यापक और बड़े स्तर पर ब्राह्मण समाज को दिशा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है, सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक बड़ी श्रृंखला होगी, जिसमें फैंसी ड्रेस, चित्रकला, सामान्य ज्ञान और विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वार्षिक परिवारिक सम्मलेन करने पर सब की सहमति समाज ने मुक्ति रथ के लिये को आर्थिक सहयोग पर चर्चा हुई सभी सदस्यों ने इस पर भी सहयोग करने और कराने का भरोसा दिलाया, इसके अलावा समाज के उत्कृष्ट काम करने वालों का सम्मान करने का फैसला लिया गया, बैठक में डॉ प्रदीप शुक्ला, संजय शर्मा, संजय शर्मा, अनिल तिवारी, राजकुमार तिवारी, अजय शर्मा, प्रणव शर्मा, सन्तोष शर्मा, श्रीमती जयश्री शुक्ला, सस्मिता शर्मा, प्रदीप शर्मा, नागेंद्र धर शर्मा, अश्वनी मिश्रा, श्याम मोहन दुबे, ज्योतिंद्र उपाध्याय, आलोक रंजन पांडेय, हेमंत शर्मा, विनोद शर्मा, अमित रंजन पांडे, लक्ष्मी प्रसाद तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, कामता शुक्ला, संजय पांडेय, राकेश दुबे, समीर शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, ज्योतिवर्धन शुक्ला, जयशकर पांडेय, आनंद पांडेय, ईश्वर तिवारी, शैलेश पाठक सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद थे।



स्पोर्टस न्यूज

एशियन पैरा गेम्स में कांस्य पदक जीत कर शहर पहुंचे अभिजीत का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जापान की धरती पर भारत का परचम लहराकर एशियन पैरा गेम्स के बैडमिंटन में कांस्य पदक जीतकर शहर पहुंचे चैंपियन मास्टर अभिजीत सखुजा का शानदार स्वागत किया गया।

सर्व पंजाबी महिला समिति की प्रदेश अध्यक्ष रणजीत कौर दुआ, गुरुद्वारा दयालबंद के सचिव अमरजीत सिंह दुआ तथा अपूर्वा ने रायपुर में उन्हें फूलमाला पहनाई एवं छत्तीसगढ़ भारत तथा विश्व स्तर पर बैडमिंटन में शहर का नाम रोशन करने पर उन्हें बधाई दी। अभिजीत के माता-पिता, चाचा-चाची एवं पूरे परिवार को भी रंजीत कौर दुआ तथा अमरजीत सिंह दुआ ने बधाई देते हुए कहा है कि बिलासपुर का नाम विश्व स्तर पर रोशन करने वाले अभिजीत सखुजा की इस विशेष उपलब्धि से हम सब गौरवांवित हैं। गुरुद्वारा कमेटी द्वारा भी इस होनहार खिलाड़ी का स्वागत किया जाएगा। ग्रीन गार्डन कॉलोनी निवासी अभिजीत, आशीष सखुचा के पुत्र हैं। उनकी उपलब्धि से पूरे शहर के खिलाड़ियों में हर्ष व्याप्त है।



क्रिकेट संघ बिलासपुर ब्लू अंडर-14 टीम घोषित

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 14 प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

जिसके लिए क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा बिलासपुर ब्लू अंडर 14 टीम घोषित कर दी गई है। जिसमें शिवांश यादव, देबांशु सरकार, राघवेंद्र चौहान, अवनीश शुक्ला, अद्वैत गोवर्धन, विनायक उपाध्याय, साहिल पंडित, विराज जांगड़े, अरनव सिंह ठाकुर, वेदांत यादव, अक्षत पांडे, तनिष्क घोरे, यश लहरे शौर्य लहरे, मुनेश कुमार ध्रुव, आरव मिश्रा, अनुज पांडे, आयुष्मान सिंह, इश्मान सिंह उपवेजा और सारांश अग्रवाल का चयन अंडर 14 प्लेट ग्रुप के लिए किया गया है । छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर 14 प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट 27 अक्टूबर से छत्तीसगढ़ के अलग अलग मैदान में खेला जाएगा। जो कि लीग मैच खेला जाएगा और 50 ओवर के वनडे के रूप में खेला जाएगा। और जिसमें 4 ग्रुप बनाया गया है विलासपुर ब्लू की टीम ग्रुप डी में है इसके अलावा नारायणपुर, जशपुर और कवर्धा है।

बिलासपुर ब्लू अपना पहला मैच 27 अक्टूबर को कवर्धा के मध्य रेलवे मैदान में खेलने उतरेगी। दूसरा मैच 28 अक्टूबर को जशपुर के मध्य रघुराज स्टेडियम में खेलगे। और तीसरा मैच 30 अक्टूबर को नारायणपुर के मध्य रेलवे मैदान में खेलेगी। इसके अलावा कल 27 अक्टूबर को रघुराज स्टेडियम में इसी ग्रुप का दूसरा मैच जशपुर बनाम नारायणपुर के मध्य मैच खेला जाएगा और दोनों ही मैच सुबह 9 बजे प्रारंभ होगा। यह सभी जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव देवेंद्र सिंह द्वारा दिया गया है।





संजय को मिली पीएचडी की मानद उपाधि

गौरेला। उद्योगपति संजय गुप्ता को पंडित दीनदयाल उपाध्याय विद्यापीठ, वृंदावन धाम मथुरा द्वारा विद्यावाचस्पति पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान वाणिज्य एवं प्रबंधन के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा प्राप्त शोध कार्यों तथा सामाजिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। नई दिल्ली स्थित होटल रेडिसन इन में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यापीठ की प्रबंध कार्यकारिणी की अनुशंसा पर संजय गुप्ता को यह मानद उपाधि प्रदान की गई। इससे पूर्व भी उन्हें राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर पर विभिन्न सम्मानों से नवाजा जा चुका है।

काम पर निकली युवती लापता, मामला दर्ज

तखतपुर। काम के लिए घर से निकली युवती की रात तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने धारा 140, 3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड 11 निवासी रेखा गोड़ ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 25 अक्टूबर की दोपहर 3 बजे उसकी पुत्री काम करने गई थी और जब रात तक वापस नही आई तो रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की गई पर कोई जानकारी नही मिली जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने धारा 140, 3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

निधन

चंद्रावती जायसवाल

बिलासपुर। तखतपुर के पदमपुर निवासी चंद्रावती जायसवाल का 26 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 84 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 27 अक्टूबर को सुबह 10 बजे गृह ग्राम पदमपुर में होगा। वे स्व. छेदीलाल जायसवाल की पत्नी एवं अनिल, धीरज और राघवेन्द्र जायसवाल की माता थीं।



पैरों में बंधा था तार और गले में मिले निशान

पेंड्री में संदिग्ध हालत में मिली युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭सरगांव

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पेंड्री में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। युवक का शव गांव के मुख्य मार्ग के किनारे स्थित एक राइस मिल के पास खेत में कीचड़ में मिला। घटनास्थल की प्रारंभिक जांच के दौरान मृतक के पैरों में तार बंधा होने और गले पर निशान पाए जाने की जानकारी सामने आई है। इन परिस्थितियों को देखते हुए मामले में हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, हत्या की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगी।

मृतक की पहचान ग्राम पेंड्री स निवासी तुलसी साहू, उम्र लगभग 32 वर्ष, पिता छेदू राम साहू के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सरगांव पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मामले कीगंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड तथा फोरेंसिक टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। टीम ने मौके का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया।



झाड़ियों में पड़ी युवक की लाश, इनसेट में मृतक।

कानूनी कार्रवाई की जा रही

मर्ग कायम कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सरगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। परंतु शव संदिग्ध स्थिति में मिलने के कारण और ज्यादा शाम हो जाने के कारण पोस्टमार्टम को के लिए रोक दिया गया है

-अशोक यादव
थाना प्रभारी सरगांव

घर से जीजा के यहां जाने निकला था युवक

जानकारी के अनुसार, तुलसी साहू बीती शाम लगभग 7 बजे अपने घर से सरगांव स्थित अपने जीजा के घर जाने के लिए निकला था। देर रात तक जब वह घर वापस नहीं लौटा, तो परिजनों की चिंता बढ़ने लगी। रातभर युवक के घर नहीं पहुंचने पर परिवार के सदस्यों ने सरगांव थाने पहुंचकर उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लगभग एक से दो घंटे के अंतराल में ही एक युवक का शव गांव के मुख्य मार्ग के किनारे राइस मिल के पास खेत में मिलने की जानकारी सामने आई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव की पहचान की प्रक्रिया पूरी की, जिसके बाद मृतक की पहचान तुलसी साहू के रूप में हुई।

घटनास्थल से दूर मिली बाइक

घटनास्थल पर पहुंची पुलिस, डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम ने काफी देर तक निरीक्षण किया। प्रारंभिक निरीक्षण के दौरान मृतक के पैरों में तार बंधा होने और गले पर निशान पाए जाने की जानकारी मिली है। इन तथ्यों के चलते घटना को सामान्य मौत के बजाय संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के रूप में देखा जा रहा है। एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी सामने आया है कि मृतक की मोटरसाइकिल घटनास्थल से लगभग 300 मीटर दूर गणपति राइस मिल के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मिली। मोटरसाइकिल मिलने के बाद पुलिस ने आसपास के क्षेत्र और घटनास्थल से जुड़े संभावित साक्ष्यों की जांच शुरू की। हालांकि, युवक की मौत किस परिस्थिति में हुई, उसके शरीर पर मिले निशान किस कारण से आए और क्या उसे किसी अन्य स्थान से लाकर यहां फेंका गया था, इन सभी सवालों का जवाब पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। घर का इकलौता चिराग-तुलसी साहू घर में अकेले कमाने वाला व्यक्ति था, कुछ दिनों पूर्व ही पिता के लकवा से बीमार होने के कारण घर की पूरी जवाबदारी उन्हीं के कंधों पर थी ।

नाबालिग बेटे ने की सौतेली मां की हत्या

लोरमी। वनांचल क्षेत्र के ग्राम खुड़िया में एक गंभीर वारदात सामने आई है, कलयुगी नाबालिक पुत्र ने अपनी सौतेली मां की चरित्र शंका के नाम से निर्मम हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने विधि से संघर्ष बालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच प्रारंभ किया। पुलिस के अनुसार खुड़िया चौकी के ग्राम खुड़िया के नाकापारा में रविवार की रात लगभग साढ़े 10 बजे प्रतिभा नेताम 45 वर्ष, पति स्व भीखम नेताम की धारदार टंगिया से वार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि मृतका का सौतेला नाबालिग बेटा अपनी सौतेली मां के चरित्र को लेकर शंका करता था, बीती रात इसी बात को लेकर विवाद हुआ जिसके बाद विधि से संघर्षरत बालक घर में रखे टंगिया से महिला की चेहरे पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। महिला की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर मृतका के शव को पंचनामा कर पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रवाना किया। पुलिस ने मामले में तत्काल आरोपी विधि से संघर्ष बालक को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। थाना प्रभारी पवन देवांगन ने बताया कि महिला की हत्या मामले में विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।



11 केवी लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

सकरी। क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से देवीराम यादव पिता स्व खुशाल यादव उम्र 50 वर्ष निवासी सकरी की मौत हो गई। आरोप है कि संबंधित स्थान पर बिजली के तार काफी नीचे से गुजर रहे थे।

इस संबंध में मौखिक शिकायत किए जाने के बावजूद विद्युत विभाग ने तारों की ऊंचाई बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाए। बताया जा रहा है कि कुछ स्थानों पर 11 केवी की लाइन जमीन से महज चार फीट की ऊंचाई पर गुजर रही है, जिससे लोगों की जान को खतरा बना हुआ है। इसी तरह हांफा,सकरी, सलमपुर, बहतराई, जोकी,परसदा में भी खंभे झुक जाने से लाईन की चपेट में आने का खतरा बना हुआ है शिकायत के बावजूद विद्युत विभाग के स्थानीय अधिकारी आंख मुंदे हुए है। परिजनों के मुताबिक देवीराम प्रतिदिन की तरह सुबह 9 बजे अपने मवेशियों को चराने के लिए बजरंग पारा स्थित सकरी तालाब के पास गया था तभी महज 4 फीट ऊपर से गुजर रहे 12 केवी लाईन की चपेट में



आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पीएम के लिए भेजा लेकिन शाम हो जाने के कारण सोमवार को पीएम नहीं हो पाया मंगलवार को पीएम पश्चात शव परिजनों को सौंपा जाएगा। आरोप है कि मौखिक शिकायत के बावजूद विद्युत विभागीय के अधिकारियों ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। यदि समय रहते तारों को निर्धारित सुरक्षित ऊंचाई पर किया जाता और आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाए जाते, तो इस तरह की दुर्घटना को टालने की संभावना हो सकती थी। हालांकि, मामले में विभाग की जिम्मेदारी और शिकायत पर की गई कार्रवाई की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

सियार के हमले से ग्रामीण घायल, इलाके में दहशत

लोरमी। वन परिक्षेत्र खुड़िया के अंतर्गत शियार के हमले से घायल लोगों का प्राथमिक उपचार सा मु दा यि क स्वास्थ्य केंद्र लोरमी में किया गया, जहां प्र थ मि क उपचार के बाद कुछ लोगों को छुट्टी दे दी गई।



ग्राम गोविंदपुर निवासी पीड़ित विष्णु प्रसाद मिरि ने बताया कि 21 अक्टूबर को शाम 7 बजे सियार ने अचानक हमला कर दिया। जिसके कारण उनका हाथ -पैर जख़्मी हो गया। उन्हें इलाज के लिए मुंगेली रेफर क़र दिया गया। इसी तरह गांव के ही वीरेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार एवं दूरपत बाई को भी शियार ने जख़्मी कर दिया एवं ग्राम तेली खाम्ही, झिरवन, रामहेपुर में भी शियार ने ग्रामीणों के ऊपर हमला बोल कर जख़्मी कर दिया। जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है। वन परिक्षेत्र अधिकारी अनिरुद्ध कश्यप ने बताया कि जख़्मी लोगों का इलाज शासकीय अस्पताल में किया गया है जिसके कारण मुआवजा प्रकरण नहीं बन सकता है।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा श्रीमती सीमा खुबवानी पति श्री रमेश खुबवानी निवासी साई शरद अपार्टमेंट, विनोबा नगर, बिलासपुर के नाम पर मौजा जूना बिलासपुर, प.ह.नं. 22/29 (नया), रा.नि.मं. जूना बिलासपुर, तहसील एवं जिला बिलासपुर फ्लैट नं. 101, पहली मंजिल, साई शरण अपार्टमेंट, नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत वार्ड नं. 14, मोहल्ला विनोबा नगर में स्थित जिसका खसरा नम्बर 761/19, शीट नं. 23/5, भूखण्ड क्रमांक 336, बिल्ट-अप एरिया 936.5 वर्गफुट है जिसे खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय- अनिल चाँदवानी
पिता स्व. श्रीचंद चाँदवानी
निवासी 342, सहगल वाली गली,
उप विद्या नगर, बिलासपुर
मो. 8770459148



साहू समाज का वार्षिक सम्मेलन

सीपत। ग्राम कौवाताल में सोमवार को साहू समाज का वार्षिक सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा की वंदना और पूजा-अर्चना के साथ किया गया, जिसमें जिले के समस्त ग्रामों से साहू समाज के केंद्र प्रमुखों और पदाधिकारियों की विशेष उपस्थिति रही।

वार्षिक सम्मेलन में समाज के उत्थान के लिए शिक्षा को मुख्य आधार बताया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने उपस्थित स्वजातीय बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज का वास्तविक विकास केवल शिक्षा के माध्यम से ही संभव है। इसके अलावा, स्काउट कमिश्नर राजेंद्र साहू और प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष तिलक साहू ने समाज को एक सूत्र में पिरोकर और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान सभी मुख्य अतिथियों द्वारा सामाजिक पत्रिका 'दर्पण' का आधिकारिक विमोचन किया गया। समारोह के अंत में जिला अध्यक्ष बसंत साहू, जिला कोषाध्यक्ष उमाशंकर साहू और सचिव पुन्नी राम साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, प्रबुद्धजनों और समाज के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

अनुशासन और घोष की धुन पर आरएसएस का पथसंचलन

सीपत। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सीपत मंडल का विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन रविवार को स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में संपन्न हुआ। पूर्ण गणवेश में घोष की धुन के साथ निकले स्वयंसेवकों के अनुशासित कदमों ने नगर में उत्साह का माहौल बना दिया। लोगों ने पथ संचलन का जगह जगह रंगोली सजाकर और पुष्पवर्षा से जोरदार स्वागत किया ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संघ के बिलासपुर विभाग संचालक डॉ राजकुमार सचदेव उपस्थित रहे। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष पर चल रहे पंच परिवर्तन के माध्यम से सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत आत्मानंद स्कूल परिसर में शाखा लगाकर ध्वज वंदन के साथ हुई। इसके बाद सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में घोष के साथ अनुशासित पंक्तियों में पथ संचलन के लिए निकले। स्कूल परिसर में संचलन के वापस पहुंचने के बाद कार्यक्रम सभा में परिवर्तित हो गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ राजकुमार सचदेव ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मूल उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना और समाज में राष्ट्रभाव को मजबूत करना है। कार्यक्रम का संचालन मस्तूरी खंड के शारीरिक प्रमुख नागेश्वर मैत्री ने किया। इस दौरान सीपत उपखंड कार्यवाह राजेश कैवर्त एवं मस्तूरी खंड कार्यवाह देवेंद्र सिंह क्षत्रिय ने भी कार्यक्रम में अपनी भूमिका निभाई। अंत में संघ की प्रार्थना, ध्वज वंदन एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर विभाग प्रचार प्रमुख अजय सूर्यवंशी, संजय गुप्ता, मंडल कार्यवाह बैद्यनाथ गुप्ता, नीरज सिंह क्षत्रिय, दीपक गुप्ता, दीपक शर्मा, नारायण साहू, टार्जन धीवर, सतीश पाटनवार, बांके गुप्ता, हरिकेश गुप्ता, वैभव तंबोली, कुलदीप यादव, सुनील निर्मलकर, दिनेश गुप्ता, डीकेश गुप्ता, युवराज सिंह, जिला बौद्धिक प्रमुख प्रदीप वर्मा, दुर्गेश जायसवाल, हरिहर सिंह, संदीप गुप्ता, अजय भवानी, धनंजय धीवर, वेद साहू, हितेश, दिलीप निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं बरेली की स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं।



शरद पूर्णिमा पर मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, बांटे गए पुरस्कार

सकरी। ग्राम हांफा में शरदपूर्णिमा के अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिभाओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शैक्षणिक उपलब्धियों, खेलकूद, उच्च शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

समारोह में ग्राम के गणमान्य नागरिकों, शिक्षाविदों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रतिभाओं का गौरव बढ़ाया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त व्याख्याता चंद्रकांत उपाध्याय, व्याख्याता त्रियुगी नारायण श्रीवास, पूर्व सैनिक सुदर्शन यादव, प्रोफेसर डॉ ओमप्रकाश तिवारी, मनहरण कैवर्त, पूर्व सरपंच संदीप मिश्रा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दिव्या नितेश मिश्रा, गंगोत्री कौशिक, खाद्य अधिकारी संजय कौशिक, व्याख्याता डॉ महेंद्र दुबे, सर्व शिक्षा समन्वयक सूर्यकांत उपाध्याय, सेवानिवृत्त प्रधानपाठक गजानन अवस्थी एवं सुखऊ कैवर्त मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन जनपद उपाध्यक्ष तखतपुर राकेश तिवारी ने किया तथा आभार प्रदर्शन अजीत तिवारी ने किया। शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए कक्षा पांचवीं में कु सोनल उपाध्याय, आठवीं में कु पल्लवी सूर्यवंशी, दसवीं में कु दिव्या ध्रुव तथा बारहवीं में कमल यादव को सम्मानित किया गया। स्नातक स्तर पर कु निशिका तिवारी एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कु चंचल तिवारी को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मान प्रदान किया गया। खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मानस यादव, रुद्र पाण्डेय, आयुष तिवारी एवं अयांश यादव को सम्मानित किया गया। वहीं पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर डॉ महेंद्र दुबे तथा एमबीबीएस में चयनित होने पर कु अदिति पाण्डेय एवं कु काव्या पाण्डेय को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई।



दिवंगत जन की स्मृति में पुरस्कार

सम्मान एवं पुरस्कार इंजीनियर जगदीश प्रसाद तिवारी की स्मृति में डॉ विवेक तिवारी द्वारा, लखन लाल श्रीवास एवं देवकी बाई श्रीवास की स्मृति में रामायण श्रीवास द्वारा, पं गौरीशंकर तिवारी एवं प्रभा तिवारी की स्मृति में डॉ ओमप्रकाश तिवारी द्वारा, झूमक लाल यादव की स्मृति में सुदर्शन यादव द्वारा तथा विशेषर कैवर्त की स्मृति में मनहरण कैवर्त द्वारा प्रदान किए गए। दिवंगत जनों की स्मृति को संजोते हुए शिक्षा, प्रतिभा और उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने की परंपरा को आगे बढ़ाया गया। इस अवसर पर दर्शित मिश्रा, पल्लवी सूर्यवंशी, गायत्री यादव एवं आरोही दुबे ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। कार्यक्रम का संयोजन पूर्व उपसरपंच नितेश राजा मिश्रा, जितेंद्र गोलू दुबे, संजय तिवारी, अविनाश तिवारी, उपसरपंच आशीष मिश्रा, मुकेश छोटू तिवारी, अजीत तिवारी, आकाश अवस्थी, तुषार अवस्थी, रजनीकांत यादव, विनोद श्रीवास, अरुण श्रीवास, अमित उपाध्याय, मुकेश बिट्टू दुबे एवं श्रीधर लल्ली तिवारी के नेतृत्व में किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। समारोह ने गांव में शिक्षा, खेलकूद और प्रतिभाओं के सम्मान की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मैं सुरेश कुमार राजपूत पिता श्री श्यामसुन्दर राजपूत उम्र 34 वर्ष जाति लोधी ग्राम खुटेरा तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) का निवासी हूँ। जो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में चित्रांशी राजपुत नाम दर्ज है, जो कि गलत नाम है मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम देविशा राजपूत है, मेरी पुत्री का भविष्य में नाम देविशा राजपूत के नाम से जाना व पहचाना एवं संबोधन किया जावें। जिसके संबंध में यह आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ। अतः सूचना जाने।

आवेदक
सुरेश कुमार राजपूत

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं नजूल अधिकारी कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक /686/वाचक-1/नजूल/2026/
कोटा, दिनांक - 21/10/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम कोटा प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. व तहसील कोटा जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनीता विलफ्रेड पिता स्व.एस.के. विलफ्रेड, निवासी पता पन्ना टायपिंग करगीरोड, कोटा, तहसील कोटा, जिला बिलासपुर, छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बाजारपारा कोटा, तहसील कोटा में शीट नं. 32 ख.नं. 523 प्लॉट नं.141/1 क्षेत्रफल 1243 वर्गमीटर मिस ओ.एन. पन्ना ईसाई के नाम पर दर्ज हैं। उक्त खातेदार की मृत्यु दिनांक 22.01.2003, ए.डी. रॉबिन्सन की मृत्यु दिनांक 12.07.1992 एवं शन्तो कुमार विलफ्रेड की मृत्यु दिनांक 31.01.2008 को हो चुकी हैं। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को फौती के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जो सुनवाई हेतु दिनांक 04.11.2026 को नियत है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 04.11.2026 को न्यायालयीन समय 10.30 बजे उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 21.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय अति.तहसीलदार सकर्रा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
ग्राम सकर्रा तह. सकरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम सकर्रा को सूचित किया जाता है आवेदक रामकुशल कौशिक पिता दशरथ लाल निवासी ग्राम सकर्रा तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सकर्रा प.ह.नं. 39, रा.नि.मं. अमसेना स्थित भूमि ख.नं.416/1 रकबा 0.0486 हे. भूमि अनावेदकगण के नाम पर दर्ज है तथा रकबा 0.1960 दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है। आवेदकगण को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 24.03.2025 को महेश कुमार पिता सुरीत से क्रय के द्वारा प्राप्त भूमि है। वर्तमान राजस्व रिकार्ड में सुधार किये जाने हेतु आवेदन छ.ग. भू-राजस्व की संहिता 1959 की धारा 115 के अंतर्गत माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. तखतपुर में पेश किया है। जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से निम्नांकित व्यक्तियों से दावा / आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

1. सवित्री बाई पति दाद राम
2. विदेशी आ.श्री दाद् राम
3. परदेशी आ. श्री दाद् राम
4. ना.बा.रवि आ. श्री दाद् राम
5. ना.बा.कृष्णा आ. श्री दाद् राम
6. ना.बा.प्रेम आ. श्री दाद् राम
7. ना.बा.दुर्गा आ. श्री दाद् राम ना.बा. कि ओर से वली सवित्री सभी निवासी ग्राम-बुटेना, तह. सकरी।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में आप सभी को सूचित किया जाता है कि अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 12.11.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.10.2026.. को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

अति. तहसीलदार
सकर्रा
उप तहसील सकर्रा

आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा आसामी सुपर इस्पात रायपुर प्राइवेट लिमिटेड रायपुर छ.ग. के द्वारा भूमि स्वामी कुमार बंजारे पिता कलीराम बंजारे जाति सतनामी निवासी ग्राम डगनिया तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर मौजा डगनिया प.ह.नं.60, रा.नि.मं.मल्हार तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग.स्थित भूमि खसरा नं.204/2 रकबा 0.202 हेक्टेयर भूमि दर्ज है। जिसे मेरे आसामी द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर भूमिस्वामी को बयाना राशि प्रदान कर अपने पक्ष में इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही विक्रय विलेख पंजीकृत कराना प्रस्तावित है। अतः किसी भी व्यक्ति, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार (आम सूचना) के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में सुसंगत दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं, जिसके पश्चात भूमि के विक्रय विलेख पंजीयन के पश्चात की जाने वाली आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया अवगत हों।

भवदीय
राजकिशोर पाण्डेय
(अधिवक्ता)
कार्यालय : नगर पंचायत मल्हार
मस्तूरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
पिन कोड - 495551
मो.नं.- 9981713645

आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा आसामी सुपर इस्पात रायपुर प्राइवेट लिमिटेड रायपुर छ.ग. के द्वारा भूमि स्वामी फिरतराम पिता तिहारू जाति सतनामी निवासी ग्राम डगनिया तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर- छ.ग. के नाम पर मौजा डगनिया प.ह.नं.60, रा.नि.मं.मल्हार तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग.स्थित भूमि खसरा नं. 210/2 रकबा 0.312 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 210/6 रकबा 0.243 हेक्टेयर कुल खसरा नं. 02, कुल रकबा 0.555 हेक्टेयर भूमि दर्ज है। जिसे मेरे आसामी द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर भूमिस्वामी को बयाना राशि प्रदान कर अपने पक्ष में इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही विक्रय विलेख पंजीकृत कराना प्रस्तावित है। अतः किसी भी व्यक्ति, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार (आम सूचना) के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में सुसंगत दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं, जिसके पश्चात भूमि के विक्रय विलेख पंजीयन के पश्चात की जाने वाली आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया अवगत हों।

भवदीय
राजकिशोर पाण्डेय
(अधिवक्ता)
कार्यालय : नगर पंचायत मल्हार
मस्तूरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
पिन कोड - 495551
मो.नं.- 9981713645

आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा आसामी सुपर इस्पात रायपुर प्राइवेट लिमिटेड रायपुर छ.ग. के द्वारा भूमि स्वामी गनेशराम पिता रामाधार जाति सतनामी निवासी ग्राम डगनिया तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर- छ.ग. के नाम पर मौजा डगनिया प.ह.नं.60, रा.नि.मं.मल्हार तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग.स्थित भूमि खसरा नं. 192/3 रकबा 0.283 हेक्टेयर भूमि दर्ज है। जिसे मेरे आसामी द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर भूमिस्वामी को बयाना राशि प्रदान कर अपने पक्ष में इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही विक्रय विलेख पंजीकृत कराना प्रस्तावित है। अतः किसी भी व्यक्ति, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार (आम सूचना) के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में सुसंगत दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं, जिसके पश्चात भूमि के विक्रय विलेख पंजीयन के पश्चात की जाने वाली आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया अवगत हों।

भवदीय
राजकिशोर पाण्डेय
(अधिवक्ता)
कार्यालय : नगर पंचायत मल्हार
मस्तूरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
पिन कोड - 495551
मो.नं.- 9981713645

न्यायालय नायब तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
क्रमांक/क/ना.तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 22/10/2026

एतद्वारा ग्राम जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जूना बिलासपुर, प.ह.नं. 36 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 259/20 रकबा 1650 वर्गफुट भूमि पर छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के अंतर्गत रकबा सुधार किये जाने के लिए आवेदक श्री अनिल कुमार सुल्तानिया पिता श्री ओमप्रकाश सुल्तानिया, निवासी अशोक प्राविजन स्टोर के पास, विनोबा नगर बिलासपुर तहसील व, जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 6/11/2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 22/10/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
क्रमांक/क/ना.तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 22/10/2026

एतद्वारा ग्राम जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जूना बिलासपुर, प.ह.नं. 36 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 259/20 रकबा 1800 वर्गफुट भूमि पर छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के अंतर्गत रकबा सुधार किये जाने के लिए आवेदिका श्रीमती अनिता देवी सुल्तानिया पति श्री संजय कुमार सुल्तानिया, निवासी अशोक प्राविजन स्टोर के पास, विनोबा नगर बिलासपुर तहसील व, जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प

खबर संक्षेप

उच्च शिक्षा विभाग में थोक में हुए तबादले

बिलासपुर। शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सोमवार को थोक में 91 लोगों का तबादला आदेश निकाला गया है। इसमें गवर्नमेंट कालेजों के प्राचार्यों से लेकर प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक व क्रीड़ाधिकारी सहित अन्य कर्मचारी भी इधर से उधर किए गए हैं और प्रशासनिक दृष्टि से एवं स्वेच्छा से उनकी पदस्थापना बदली गई है। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से गवर्नमेंट कालेजों में पदस्थ प्राचार्यों समेत प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक और क्रीड़ाधिकारियों के पदस्थापना में परिवर्तन किया गया है। इसमें 8 कालेजों के प्राचार्यों का तबादला किया गया है, जिसमें बिलासपुर जिले के तखतपुर स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय गर्ल्स कालेज के प्राचार्य डॉ. शुभदा राहलगर का गवर्नमेंट ई. राघवेन्द्र राव साइंस कालेज बिलासपुर तबादला किया गया है। तखतपुर कालेज के ही प्राध्यापक श्रीमती नाहिदा खान का राजनांदगांव स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज तबादला हुआ है। मरवाही के बीएस पोर्ते कालेज के सहायक प्राध्यक क्रांति कुमार सिन्हा का मस्तूरी के शासकीय पातालेश्वर कालेज तबादला हुआ है। शासकीय बिलासा गर्ल्स पीजी कालेज बिलासपुर के सहायक प्राध्यक श्रीमती जामिनी कुसरो का राजनांदगांव के शासकीय कमलादेवी गर्ल्स कालेज तबादला हुआ है। सक्ती के शासकीय क्रांतिकुमार कालेज से सहायक प्राध्यक प्राध्यापक डॉ. शकुंतला राज गोंड का बिलासपुर शासकीय बिलासा गर्ल्स कालेज स्थानांतरण हुआ है। इसी तरह मुंगेली अमोरा शासकीय नवीन कालेज से सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रियंका तिवारी का तखतपुर शासकीय जेएमपी कालेज तबादला हुआ है। शासकीय जाजल्य देव नवीन गर्ल्स कालेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. स्वप्ना मिश्रा का बिलासपुर शासकीय बिलासा गर्ल्स कालेज तबादला हुआ है। खरसिया के महात्मा गांधी कालेज के सहायक प्राध्यापक पवन कुमार चेतानी का सीपत के शासकीय मदनलाल शुक्ला कालेज स्थानांतरण हुआ है। पथरिया गवर्नमेंट कालेज के सहायक प्राध्यापक स्वाति सिंह का बिलासपुर के जेपी वर्मा कालेज जरहाभाठा में तबादला हुआ है। गवर्नमेंट साइंस कालेज बिलासपुर से क्रीड़ाधिकारी डॉ. सुनील गौरहा का स्थानांतरण नवीन शासकीय नगरनार कालेज दंतेवाड़ा किया गया है। स्थानांतरण आदेश में कहा गया है कि रिक्त पदों पर अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति किए जाने के शर्त के अंतर्गत स्थानांतरण किया जा रहा है।

हवाई सुविधा विस्तार के लिए उल्टा मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बिलासपुर में चल रहे हवाई सुविधा विस्तार चरण आंदोलन की आठवीं वर्षगांठ पर हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के उल्टा मार्च किया। इस आयोजन में हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के रवि बनर्जी, रामशरण यादव, परशुराम केवट, महेश दुबे टाटा, मनोज तिवारी, विजय भा देवेंद्र सिंह ठाकुर, समीर अहमद, बद्री यादव, प्रकाश बहरानी, केशव गोरख, राघवेंद्र सिंह ठाकुर, अनिल गुलहरे, रंजीत सिंह, गोपी राव, अकबर खान, मजहर खान, सीमा पांडे, सीमा धृतेश आदि उपस्थित रहे।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति द्वारा दिए गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ज्ञापन में कहा गया है कि कि छत्तीसगढ़ राज्य का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण शहर बिलासपुर है, यहां हवाई सुविधा विस्तार की आवश्यकता है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में केवल एक ही एयरपोर्ट रायपुर 4 सी श्रेणी का है, छत्तीसगढ़ की सरकार ने यहां 3 सी श्रेणी का छोटा एयरपोर्ट बनाया है जिसमें केवल एटीआर विमान संचालित होते हैं। 26 अक्टूबर को इस आंदोलन की सातवीं वर्षगांठ है और अत्यंत दुखी हृदय से हम सब एक उल्टा मार्च कर प्रतीकात्मक विरोध दर्शा रहे हैं, क्योंकि जहां देश आगे बढ़ रहा है बिलासपुर का विकास पीछे जा रहा है। बिलासपुर एयरपोर्ट को 4 सी श्रेणी में अपग्रेड करने की अत्यंत आवश्यकता है जिससे कि यहां बोइंग और एयरबस संचालित हो सके। बिलासपुर एयरपोर्ट के रनवे विस्तार 1500 मीटर से 2800 मीटर जिसके लिए भूमि उपलब्ध है और स्थाई एटीसी टावर और एक नए टर्मिनल भवन के लिए लगभग 300 करोड़ रुपए की आवश्यकता है।

राज्य सरकार का एक साल का बजट 176000 करोड रुपए है परंतु बिलासपुर के लिए आवश्यक आवंटन नहीं हो रहा।

ज्ञापन भी उल्टा दिया गया

उल्टा मार्च के अंत में कलेक्टोरेट कार्यालय के बाहर तहसीलदार स्वयं कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में ज्ञापन लेने के लिए खड़े थे समिति ने उनसे अनुरोध किया कि वे भी कलेक्टोरेट की तरफ पीठ कर जाएं और इस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जो ज्ञापन दिया गया वह भी उल्टा दिया गया।

पीएम मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर भड़की भाजपा, भाजयुमो ने खड़गे का पुतला फूंका

बिलासपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी और भारतीय जनता युवा मोर्चा भड़क उठी है। भाजपा व भाजयुमो दोनों ने सोमवार को इस मामले को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन का खड़गे का पुतला दहन किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान की गई कथित अभद्र भाषा एवं अमर्यादित बयानबाजी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी जिला बिलासपुर शहर एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पुराना बस स्टैण्ड में जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला दहन किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के निर्देश पर इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पुतला दहन में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, प्रदीप शुक्ला, गौरी गुप्ता, भाजयुमो जिलाध्यक्ष वैभव गुप्ता, देवेंद्र पाठक आदि उपस्थित रहे।

भाजयुमो ग्रामीण ने की जमकर नारेबाजी

भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता युवा मोर्चा बिलासपुर ग्रामीण द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कथित अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में राजकिशोर नगर चौक पर जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला,जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी,भाजपा जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राज्यवर्धन कौशिक,तीर्थ यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बिजनेस/एजुकेशन प्लस

विजया श्री हेरिटेज में 1% मंथली पेमेंट प्लान

बिलासपुर। दिवाली पर अपने घर का सपना साकार करने की योजना बना रहे लोगों के लिए बिलासपुर स्थित विजया श्री हेरिटेज में आकर्षक 1% मंथली पेमेंट प्लान पेश किया गया है। इस योजना के माध्यम से ग्राहक अपनी जरूरत और बजट के अनुसार घर खरीदने की योजना को साकार कर सकते हैं।

आधारशिला बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के इस प्रीमियम रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट को आधुनिक जीवनशैली और आरामदायक आवासीय सुविधाओं को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है। डायरेक्टर डॉ. अजय श्रीवास्तव के अनुसार साइंस कॉलेज, विजयपुरम कॉलोनी के पास विकसित हो रहे विजया श्री हेरिटेज में 3 और 4 बीएचके के अपार्टमेंट शामिल हैं। कुल 62 यूनिट वाले इस प्रोजेक्ट में आधुनिक वास्तुशिल्प, आकर्षक डिजाइन और प्रीमियम सुविधाओं के साथ बेहतर जीवनशैली उपलब्ध कराने पर जोर



दिया गया है। प्रोजेक्ट में हरियाली से भरपूर वातावरण, भव्य प्रवेश द्वार, एलिट क्लब हाउस, ओपन टेरेस गार्डन और इन-हाउस जिम जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इन सुविधाओं के माध्यम से निवासियों को मनोरंजन, फिटनेस और सुकून भरा वातावरण उपलब्ध कराने की योजना है। शहर के प्रमुख क्षेत्रों से बेहतर कनेक्टिविटी भी इस प्रोजेक्ट की विशेषताओं में शामिल है। आधुनिक सुविधाओं और सुविधाजनक लोकेशन के साथ विजया श्री हेरिटेज उन परिवारों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन सकता है, जो अपने सपनों का घर का बना सकते हैं। जानकारी के लिए संपर्क कर सकते हैं।

फेस्टिवल आफर को मिल रहा अच्छा रिस्पांस

बिलासपुर। बिरकोना रोड अशोक नगर में रियल स्टेट द्वारा तैयार की गई कालोनी में बनाए गए मकानों की बुकिंग जोरों पर है। राज कंस्ट्रक्शन द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्ट में बहुत ही कम संख्या में अपार्टमेंट बचे हैं। पहले आए पहले पाए की तर्ज पर अपने सपनों का आशियाना देखने वालों का ख्वाब जल्द पूरा होने वाला है।

शहर सहित दूर दराज से लोग यहां मकान की बुकिंग कराने पहुंच रहे हैं। इसके डायरेक्टर ने बताया कि यहां बहुत ही कम संख्या में मकान बचे हैं। यहां बनाए गए आवास एक बेहतर वातावरण और सौंदर्यीकरण से भरपूर है जो यहां रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक है। इसकी सुंदरता लोगों को अपनी ओर खूब आकर्षित कर रही है। स्पाट बुकिंग पर आए लोग इसकी तारीफ करने से थक नहीं रहे। फेस्टिवल आफर चलाया जा रहा है। बुकिंग पर फ्री फाल सिलिंग की



सुविधा है। फ्री माडयूलर किचन भी दिया जा रहा है। इसके अलावा 1 लाख रुपए तक का कैश डिस्काउट भी कंपनी दे रही है। 3 बीएचके प्रीमियम लाइफ स्टाइल अपार्टमेंट है। रियल स्टेट की यहां सबसे अच्छा और फायदेमंद प्रोजेक्ट में से एक है। इसकी बनावट लोगों को खूब पसंद आ रहा है। इस कालोनी में बनाए गए घर में वे सभी सुविधा मौजूद है आज की चकाचौध जिंदगी में चाहिए। वाहन पार्किंग, बच्चों के खेलने और पूजा पाठ के लिए मंदिर की व्यवस्था है। 24 घंटे पानी, बिजली व सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। उच्च क्वालीटी के निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया है। जो एक मजबूत और टिकाऊ है।

जायसवाल शादी कार्ड्स की विशाल श्रृंखला

बिलासपुर। तेलीपारा स्थित जायसवाल कार्ड्स द्वारा पिछले 25 वर्षों से ग्राहकों को विभिन्न प्रकार के कार्ड एवं प्रिंटिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। संचालक अजय जायसवाल के मार्गदर्शन में यहां शादी कार्ड, जन्मदिन कार्ड, निमंत्रण पत्र तथा विभिन्न अवसरों के लिए आकर्षक कार्डों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। प्रतिष्ठान में ग्राहकों की पसंद और आवश्यकता के अनुरूप आकर्षक डिजाइन वाले कार्डों के साथ कंप्यूटराइज्ड सील एवं प्रिंटिंग की



सुविधा भी उपलब्ध है। यहां विभिन्न आयोजनों के लिए कार्डों की विविधता और प्रिंटिंग के माध्यम से ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने का प्रयास किया जाता है। इसका हमें अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

जायसवाल एग्रो में आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध

बिलासपुर। जायसवाल एग्रो किसानों के लिए विभिन्न आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध करा रहा है। संस्था का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक से जोड़कर खेती-किसानी को अधिक सुविधाजनक बनाना है। जायसवाल एग्रो के माध्यम से किसानों के लिए महिंद्रा हार्वेस्टर, रीपर, सुरजीत थ्रेशर और जायसवाल ट्रॉली जैसे कृषि उपकरण उपलब्ध हैं। इन उपकरणों की सहायता से फसल कटाई, अनाज की गहाई तथा कृषि कार्यों को आसान बनाने में मदद



मिलती है। आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग से किसानों को समय और श्रम की बचत करने में सहायता मिलती है। साथ ही, कृषि कार्यों को व्यवस्थित ढंग से पूरा करने में भी सुविधा होती है।

एरीना स्कॉलरशिप की अंतिम तिथि 30 तक

बिलासपुर। क्रिएटिव टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए एरीना एनीमेशन बिलासपुर की युवा स्कॉलरशिप 2026 योजना की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। एरीना एनीमेशन के प्रबंध निदेशक संदीप गुप्ता ने बताया कि पात्र विद्यार्थियों को विभिन्न कोर्स में 35 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति मिलने का अवसर है। भारत सरकार के अनुसार एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग एवं कॉमिक्स (एवीजीसी) क्षेत्र में वर्ष 2030 तक लगभग 20 लाख कुशल प्रोफेशनल्स की आवश्यकता होने का अनुमान है।केंद्र सरकार ने 15,000 माध्यमिक विद्यालयों और 500 कॉलेजों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब स्थापित करने की पहल की है। विशेषज्ञता के अनुसार थ्री-डी एनिमेटर, वीएफएक्स आर्टिस्ट, कंपोजिटर,



कैरेक्टर डिजाइनर, गेम आर्टिस्ट, गेम डिजाइनर, मोशन ग्राफिक्स डिजाइनर, यूआई/यूएक्स डिजाइनर, डिजिटल कंटेंट क्रिएटर और वर्चुअल रियलिटी डिजाइनर जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ सकते हैं। फिल्म, ओटीटी, विज्ञापन, गेमिंग, प्रोडक्शन स्टूडियो और डिजिटल कंटेंट कंपनियों में इन कौशलों का उपयोग होता है। इसके अलावा फ्रीलांसिंग, घर से काम करने, स्वतंत्र परियोजनाएं लेने और स्वयं का क्रिएटिव स्टूडियो शुरू करने जैसे अवसर भी उपलब्ध हैं।

एवीएम में अंग्रेज़ी साक्षरता दिवस पर प्रदर्शनी

बिलासपुर। आधारशिला विद्या मंदिर, न्यू सैनिक स्कूल में अंग्रेजी साक्षरता दिवस पर ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी लगाई गई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा के प्रति रुचि विकसित करना, उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा उनके भाषा-कौशल, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति क्षमता को सुदृढ़ करना था। इसमें कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता, सृजनात्मकता और विषय की समझ का परिचय देते हुए विभिन्न प्रकार के आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल, चार्ट, प्रोजेक्ट तथा अन्य शैक्षिक सामग्री तैयार की। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव ने कहा कि अंग्रेजी भाषा आज वैश्विक संवाद, ज्ञान-विज्ञान और आधुनिक



शिक्षा के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विद्यालय के निदेशक एस. के. जनस्वामी ने इस प्रकार के आयोजनों को महत्त्वपूर्ण बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्या जी. आर. मधुलिका ने कहा कि अपने विचारों को स्पष्टता एवं आत्मविश्वास के साथ व्यक्त करने योग्य बनाना भी है। सुश्री श्रद्धा जॉन के नेतृत्व में किया गया। अंग्रेजी विभाग की शिक्षिकाओं सुश्री हर्षिता, सुश्री काजल, सुश्री निशा, सुश्री नयन, सुश्री श्वेता रॉयजादा तथा श्री रोहन के विशेष मार्गदर्शन रहा।



खबर संक्षेप

दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, 15 घायल

बिलासपुर। कोटा घोंघाडीह में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों से करीब 15 लोग घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोटा पुलिस के अनुसार, घोंघाडीह निवासी प्रकाश बंजारे पिता उमेंदलाल बंजारे ने रिपोर्ट लिखाई। 25 अक्टूबर को उनके घर में उनकी सगाई का कार्यक्रम था, जिसमें वर्तमान सरपंच पति रामनारायण खाण्डे के परिवार को व उप सरपंच के पति पुनीतराम बघेल, तुलसी बघेल, अघनू बघेल लोग सभी एवं गांव के लोग आए थे। तुलसी बघेल व उनके साथी हमको व रामनारायण खाण्डे के साथ क्यों निमंत्रण दिए हो कहकर विवाद करने लगे। उन्होंने विवाद करने से मना किया तो ईश्वर बघेल व उनके साथी अपने परिवार के भाई लोगों को बुलाकर जान से मारने की धमकी देकर लाठी डण्डा से मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने समीर अरूण बंजारे, दिनेश बंजारे, हुसैन, रामनारायण खाण्डे आए तो लाठी डण्डा से जमकर मारपीट कर दरवाजा को तोड़ दिया गया है। जिससे उनके परिवार के 7 लोगों को गंभीर चोट आई है। दूसरी पक्ष से देवा बघेल ने दूसरे पक्ष पर लाठी डण्डा से मारपीट करने का आरोप लगाया है। जिससे उनके परिवार के 8 लोगों को चोट आई है। दोनों पक्षों के घायल 15 लोगों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर दोनों पक्ष के हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 191, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

फर्जी बैंक खातों से ठगी करने वाला गिरफ्तार

बिलासपुर। फर्जी बैंक खातों से आनलाइन ठगी करने वाले जालसाज



को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, साहू बिल्डिंग सप्लायर के नाम से संचालित फर्जी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एसबीआई बैंक के खातों का प्रयोग अवैध और ठगी की गई रकम को इधर उधर करने के लिए किया जा रहा था। पुलिस ने मामले में धारा 61, 2, 317, 5, 318, 4, 323, 3, 5 एवं 66 डी के अपराध कायम किया था। पुलिस ने बैंक खाताधारक कोनी गतौरी निवासी नारायण साहू पिता तुलाराम साहू 33 साल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, फिर उसे रिमांड में लेकर अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर विभिन्न प्रलोभन आपराधिक षड़यंत्र रचकर पीड़ितों के बैंक खातों से बिना उनकी सहमति के राशि आहरण किया जा रहा था।

रिटायर्ड एसईसीएल कर्मचारी से ठगी

बिलासपुर। सोशल मीडिया में सस्ते में ड्राइफ्रूट बेचने का झांसा देकर रिटायर्ड एसईसीएल कर्मचारी से 1 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर लिया गया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार राजकिशोरनगर निवासी रिटायर्ड एसईसीएल कर्मचारी इतवारी लाल चंद्रा की पत्नी 6 अक्टूबर की रात 8 बजे फेसबुक चला रही थी। उसमें ड्राइफ्रूट का एक विज्ञापन दिखाई दिया। जिसमें कीमत काफी कम था। उन्होंने विज्ञापन में दिए मोबाइल नम्बर पर संपर्क किया। उन्हें क्यूआर कोड भेजकर 2400 रुपए पेटीएम से ट्रांसफर करने को कहा गया। उन्होंने रकम भेज दी। 8 अक्टूबर को अज्ञात मोबाइल नम्बर से फोनकर कहा कि ऑनलाइन हड़ताल चल रही है इसलिए रकम वापस करने के लिए कुछ प्रक्रिया पुरी करनी होगी। उसने एक कोड भेजा और उसमें 2400 रुपए दर्ज करने को कहा। इस पर उनके बैंक खाते से 22 हजार 400 रुपए कटने का मैसेज आया। अलग अलग किश्तों में उनसे 99 हजार 600 रुपए की ठगी कर लिया गया। पुलिस ने श्री चंद्रा की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

सूने मकान से डेढ़ लाख के जेवर ले उड़े चोर

बिलासपुर। सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर डेढ़ लाख का जेवर पार कर दिया। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बिजौर निवासी नीरज सूर्या पिता प्रमोद सूर्या 21 अक्टूबर को घर के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार सहित नगरौड़ी चले गए थे। 25 अक्टूबर को लौटे तो घर के अंदर सामान बिखरे पड़े थे और आलमारी से सोने चांदी के जेवर की चोरी हो गई थी। जेवर की कीमत डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



जनहित याचिका पर हाईकोर्ट का सख्त रूख | **सीएसपीडीसीएल के एमडी ने हाईकोर्ट में पेश किया जवाब**

3 नए सब-स्टेशन और 2 नए सप्लाई जोन से सुधरेगी शहर की बिजली व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मानसून के दौरान खराब बिजली व्यवस्था और जलभराव को लेकर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है।

जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने बिजली कंपनी सीएसपीडीसीएल के एमडी और नगर निगम कमिश्नर से व्यक्तिगत शपथ-पत्र मांगा था। निगम ने इसमें जवाब पेश कर दिया है जिसमें सड़कों की मरम्मत के साथ ही जलभराव वाले क्षेत्रों में नाली का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही बिजली विभाग की ओर से कहा गया कि 3 नए सब-स्टेशन और 2 नए सप्लाई जोन का प्रस्ताव है। बार-बार होने वाली ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या दूर करने के लिए बिलासपुर में मंगला जोन और कोनी जोन नाम से दो नए बिजली सप्लाई जोन बनाने का प्रस्ताव तैयार कर रायपुर मुख्यालय भेजा गया है। लोखंडी गांव में एक एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज सब-स्टेशन के लिए तहसीलदार सकरी ने 21 जुलाई को जमीन आवंटन की सार्वजनिक सूचना जारी की है। इसके अलावा पुराने बस स्टैंड के जवाली नाला और मंगला रिवर व्यू क्षेत्र में 33/11 केवी के दो नए सब-स्टेशन बनाने के लिए 10 जुलाई को कलेक्टर से जमीन आवंटन का अनुरोध किया गया है।



कोर्ट ने दोनों अधिकारियों से पूछा है कि पिछले आदेशों के बाद अब तक क्या काम हुआ है और बाकी काम कब तक पूरा होगा। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ कागजी कार्रवाई से काम नहीं चलेगा। अधिकारियों को पेंडिंग कामों की स्पष्ट समय-सीमा और उनकी निगरानी करने वाले अधिकारियों के नाम भी बताने होंगे। जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान बिजली कंपनी ने कोर्ट को बताया कि शहर में पुराने और खराब सीमेंट के पोल हटाकर उनकी जगह लोहे के पोल लगाए जा रहे हैं। आंधी-तूफान के दौरान खतरा पैदा करने वाले विज्ञापन और होर्डिंग्स की पहचान कर उनकी सूची नगर निगम को भेजी गई है। कंपनी ने बताया कि लोखंडी में एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज सब-स्टेशन बनाने के लिए ग्राम पंचायत से जमीन का प्रस्ताव मिल गया है।

कब तक बदले जाएंगे खंभे

हाईकोर्ट ने बिजली कंपनी से पूछा कि बचे हुए बिजली के खंभे कब तक बदले जाएंगे और नए सब-स्टेशन कब शुरू होंगे। कोर्ट ने सरकार से मिले फंड के इस्तेमाल का पूरा हिसाब भी मांगा है। वहीं, नगर निगम कमिश्नर ने शपथ-पत्र में बताया कि नेहरू चौक स्थित विकास भवन में बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे काम कर रहा है। 17 जुलाई को एक दिन में करीब 400 मिमी बारिश हुई थी। इसके बाद बिलासपुर को केंद्र सरकार के राष्ट्रीय शहरी बाढ़ जोखिम प्रबंधन कार्यक्रम में शामिल कराने का प्रस्ताव भेजा गया है।हाईकोर्ट ने नगर निगम से बाढ़ नियंत्रण कक्ष में दर्ज शिकायतों, उनके समाधान और एनडीएमए को भेजे गए प्रस्ताव की मौजूदा स्थिति की पूरी जानकारी देने को कहा है। निगम की ओर से एडवोकेट अनादि शर्मा ने पैरवी की।

पेड़ों के ठूंठ अभी भी मौके पर पड़े हुए हैं

शापिंग काम्प्लेक्स बनाने रातों-रात काट दिए गए नीलगिरी के 10 पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उसलापुर पुल के नीचे दाईं तरफ एक बड़ा काम्प्लेक्स बन रहा है। इसके साथ ही यहां कुछ खाली जमीन भी है जो कि सरकारी है। इसमें नीलगिरी के बड़े पेड़ लगे हुए थे। काम्प्लेक्स बना रहे पेण्ड्रा के एक व्यापारी ने बिना अनुमति इन पेड़ों को काट दिया है। इन पेड़ों के ठूंठ अभी भी मौके पर पड़े हुए हैं। यह भी जानकारी मिल रही है कि जो काम्प्लेक्स बन रहा है वह नक्शे के विपरीत है।

मंगला चौक से उसलापुर रेलवे स्टेशन जाने वाले मुख्य मार्ग पर एक परिसर (कॉम्प्लेक्स) का निर्माण किया जा रहा है। विकास और निर्माण की आड़ में वहां लगे कई हरे-भरे नीलगिरी के पेड़ों को काट दिया गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, इन पेड़ों की कटाई से पहले नगर निगम, राजस्व विभाग और वन विभाग से कोई आधिकारिक अनुमति या सूचना नहीं ली गई थी, जो कि नियमों का सीधा उल्लंघन है। पेड़ों का काटने से पहले किसी की नजर ना लगे इसलिए पूरे क्षेत्र को ग्रीन नेट से ठंक दिया। देर रात जब कटाई होने लगी तो आसपास के लोगों को इसकी जानकारी मिली। कुछ लोगों ने इसका वीडियो बनाकर प्रशासन और वन विभाग के अधिकारियों को भेजा है।



उसलापुर ओवरब्रिज के नीचे बिना अनुमति के काटे गए नीलगिरी के पेड़ ।



पेड़ों को काटने से पहले यह है नियम

नियमों के मुताबिक यदि नीलगिरी का पेड़ राजस्व भूमि पर लगा है, तो उसे काटने से पहले एसडीएम से अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति के कटाई करने पर लकड़ी जब्त करने और कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इसके साथ ही साल 2004 के नियमों के अनुसार 10 साल से ज्यादा पुराने नीलगिरी के पेड़ को दूसरी श्रेणी में शामिल किया गया था, लेकिन छत्तीसगढ़ में निजी या अन्य जमीनों पर पेड़ों की कटाई और परिवहन को लेकर स्थानीय प्रशासन व वन विभाग के अलग-अलग दिशा-निर्देश लागू होते हैं।

सोशल मीडिया पर भी तीखी प्रतिक्रिया

इधर जानकारों का कहना है कि एक तरफ शासन-प्रशासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ शहर के बीचों-बीच इस तरह अवैध रूप से पेड़ काटने पर स्थानीय लोगों द्वारा प्रशासन की निगरानी पर सवाल उठाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस कार्रवाई को लेकर तीखी प्रतिक्रिया देखी गई है।

जांच कराई जाएगी

इसकी शिकायत मिली है। अधिकारियों को मौके पर भेजकर जांच कराई जाएगी। वन विभाग से भी जानकारी ली जा रही है।

- संजय अग्रवाल, कलेक्टर

खसरा नंबर 1552 का सीमांकन आज से

हाईकोर्ट ने तीन महीने में रिपोर्ट पेश करने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महावीर नगर से उसलापुर फ्लाई ओवर ब्रिज तक बाई पास रोड बना है। निगम को बंदोबस्त में मिली खसरा नंबर 1552 की इस जमीन का तीसरी बार सीमांकन कराया 27 अक्टूबर से कराया जाएगा। राजस्व और नगर निगम की 10 सदस्यीय टीम बनाई गई है। स्थानीय निवासी नमिता ऋषि की याचिका पर हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया है। कोर्ट ने तीन महीने में पूरी जमीन की नापजोख करते हुए हाईकोर्ट में रिपोर्ट पेश करने कहा है। कोर्ट ने आसपास के जितने भी लोग इस खसरा नंबर के करीब हैं सभी को नोटिस जारी करते हुए मौके पर दस्तावेजों सहित उपलब्ध होने कहा है। इसके लिए कुल 96 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं।

- 96 लोगों को नोटिस, कई कब्जाधारियों को छोड़ दिया गया
- राजस्व और नगर निगम की 10 सदस्यीय टीम बनाई गई

हाईकोर्ट ने निगम के व्यवस्थाधीन खसरा नंबर 1552 की जमीन पर बेजा कब्जा हटाने के साथ ही फिर से सीमांकन कराने के आदेश दिया है। दरअसल मिनोचा कालोनी निवासी नमिता ऋषि की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इसमें कहा गया कि उन्होंने रजिस्ट्री के माध्यम से खरीदी गई जमीन पर मकान और बाउंड्रीवाल बनाई है। निगम ने इसे अपनी जमीन बताया और गलत सीमांकन के आधार पर बाउंड्रीवाल को तोड़ दिया। साथ ही दूसरी तोड़फोड़ की गई। ध्यान रहे कि पूर्व में इसी हिस्से में सीमांकन के दौरान 36 लोगों को नोटिस जारी किए गए थे। इस बार उनमें से केवल नमिता ऋषि और पेट्रोल पंप को नोटिस मिला है।

पूरा कब्जा नहीं हटा इसलिए सड़क टेढ़ी-मेढ़ी

गौरतलब है कि पिछली सीमांकन की रिपोर्ट में 25 लोगों का कब्जा पाया गया था। इसमें खसरा नंबर 1552 की भूमि पर 900 मीटर लंबी, 75 फुट चौड़ी सड़क बनाई गई है। इसके मार्ग में पाटीदार भवन की बाउंड्री आई थी जिसे हटाया गया। इसके साथ ही इंडियन आयल का पेट्रोल पंप भी शामिल है। बेजाकब्जाधारियों ने बाउंड्री, उद्यान तथा कमरे आदि का निर्माण कर लिया था। इसके साथ ही कुछ दूसरे लोगों के कब्जे हटाते हुए 12 करोड़ में यह सड़क बनाई गई थी। बता दें कि पिछली बार सुनवाई के दौरान नगर निगम ने हाई कोर्ट में शपथ पत्र देकर संबंधित हिस्से में 7.5 मीटर तक कब्जा हटाने की बात कही थी। इसके बावजूद पूरा कब्जा नहीं हटने का आरोप है। सड़क की चौड़ाई घटने के कारण नाली की दिशा भी कई जगह मोड़नी पड़ी है।

नोटिस जारी करने की प्रक्रिया पर ही सवाल

राजस्व विभाग का कहना है कि जिन लोगों का नाम छूट गया है उसे भी नोटिस दिया जाना है। दरअसल नोटिस जारी करने की प्रक्रिया पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं। नोटिस कुदुदंड से मिनोचा कॉलोनी स्थित पेट्रोल पंप तक रहने वालों को दिए गए हैं, जबकि सड़क की चौड़ाई कम होने और अतिक्रमण नहीं हटने का विवाद महावीर नगर से उसलापुर आरओबी तक है। तहसीलदार आकाश गुप्ता का कहना है कि अभी कुदुदंड से मिनोचा कॉलोनी पेट्रोल पंप तक ही नोटिस जारी किए गए हैं।

कराया जाएगा सीमांकन

खसरा नंबर 1552 की जमीन का हाईकोर्ट के आदेश पर फिर से सीमांकन कराया जाएगा। राजस्व और नगर निगम की 10 सदस्यीय टीम इसके लिए बनाई गई है। आसपास के जितने भी लोग इस खसरा नंबर के करीब हैं सभी को नोटिस जारी करते हुए मौके पर दस्तावेजों सहित उपलब्ध होने कहा गया है।

- प्रकाश कुमार सर्वे, आयुक्त, नमि

तारबाहर, सरकण्डा, कोनी में तीन लोगों पर चाकू से हमला

बिलासपुर। अलग अलग घटनाओं में तारबाहर, सरकण्डा, कोनी में तीन लोगों से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, बंगलायार्ड 12 खोली निवासी अमन शर्मा पिता संजय कुमार शर्मा कक्षा नवमीं की पढ़ाई कर रहा है। 25 अक्टूबर की शाम 5.45 बजे वह स्कूटी से घर से टिकरापारा जाने के लिए निकला था। बंगलायार्ड के पीछे वरूण और समीर अली उसे मिले और अपनी बाइक उसकी स्कूटी के सामने खड़े कर दिया। दोनों उससे गांजा पीने के लिए पैसा मांगने लगे। मना करने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर समीर अली ने बेल्ट से मारपीट की। इसी दौरान वरूण ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे दोनों हाथ व पीठ में चोट आई है। दूसरी घटना में सरकण्डा क्षेत्र के चिगराजपारा निवासी भीमराज बघेल पिता राजू बघेल 25 अक्टूबर की शाम 4 बजे अपने दोस्तों के साथ नदी से लौट रहे थे। वह अपने तीनों साथियों से पीछे हो गया था। इसी दौरान अज्ञात चार युवक आए और उससे शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे। मना करने पर गाली गलौज हाथ मुक्का से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। तीसरी घटना में कोनी क्षेत्र के देवनगर निवासी पवन कुमार बंजारे पिता धीरपाल बंजारे 25 अक्टूबर को रात 8.30 बजे दुकान से घर जा रहा था। इसी दौरान पड़ोसी गुड्डा मिला, जिसे उसने गाड़ी को साइड में खड़ा करने को कहा। जिससे गुड्डा उसके साथ गाली गलौज करने लगा। इसी दौरान गुड्डा का लड़का रकम आया और उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे बाएं हाथ की कलाई में चोट आई है। पुलिस ने तीनों मामलों में अपराध कायम कर लिया है। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

- दो की हालत गंभीर

त्यौहार में एम यूटीएस सेवा की शुरुआत

बिलासपुर। त्यौहारों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल ने अनारक्षित टिकटिंग को और अधिक सरल व सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से एम-यूटीएस सेवा की शुरुआत की है। यह सुविधा वर्तमान में बिलासपुर, उसलापुर, रायगढ़ एवं जांजगीर-नैला स्टेशनों में उपलब्ध है। एम-यूटीएस रेल की मोबाइल अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली है।

इस विशेष हैंडहेल्ड डिवाइस के माध्यम से टिकटिंग कर्मचारी स्टेशन परिसर, प्रवेश द्वार अथवा प्लेटफॉर्म पर ही यात्रियों को अनारक्षित टिकट उपलब्ध करा रहे हैं। अब यात्रियों को काउंटर पर लंबी कतार में लगने की आवश्यकता नहीं है। इस सुविधा से यात्रियों को बिना लाइन लगे तुरंत टिकट प्राप्त हो रही है, नकद लेन-देन की परेशानी से मुक्ति, चिल्हर की कमी और नकदी प्रबंधन की झंझट समाप्त, काउंटरों पर भीड़ कम होने से यात्रा और भी सहज, सीधे डिवाइस से टिकट प्राप्त कर यात्री बिना प्रतीक्षा यात्रा का आनंद ले सकते हैं। यह सुविधा यात्रियों के लिए काफी राहत भरी होगी।

45 लाख की ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। शासकीय जमीन को अपनी बताकर बेचने का सौदा करने और 45 लाख रुपए की ठगी करने वाले बुजुर्ग सहित दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सरकण्डा विजयापुरम निवासी दीपक सोनी पिता बृजभान सोनी 46 साल वर्ष 2020 में खरीदने के लिए जमीन की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान उनकी पहचान तालापारा निवासी समशाद अली 71 साल व चकरभाठा कड़ार निवासी सोनू उर्फ चंद्रप्रकाश दुबे पिता स्व. विनोद कुमार दुबे 42 साल से हुई। दोनों ने अपनी जमीन बताकर कड़ार में 20 एकड़ जमीन दिखाया और बचने की बात कही। श्री सोनी को जमीन पसंद आ गई।





उन्होंने तहसील आफिस में दोनों को 45 लाख रुपए देकर जमीन का स्टाम्प पेपर में एग्रीमेंट करा लिया। श्री सोनी ने दोनों को जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए कहा तो घुमाने लगे। श्री सोनी राजस्व रिकार्ड में जमीन की पतासाजी कराई तो जानकारी मिली कि वह जमीन शासकीय है। उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्होंने दोनों से पैसा वापस मांगे तो घुमाने लगे। 24 अक्टूबर 2026 को श्री सोनी ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। 26 अक्टूबर को एसआई पूरन सिंह बघेल ने फरार आरोपी समशाद अली व सोनू उर्फ चंद्रप्रकाश दुबे को गिरफ्तार कर लिया है।

बुजुर्ग से 11 लाख 29 हजार की ठगी, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। सीनियर सिटीजन पेंशन कार्ड बनाने के नाम पर बुजुर्ग से 11 लाख 29 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, उसलापुर अल्का एवेन्यू निवासी पवन चक्रवर्ती 70 साल 11 अक्टूबर 2026 को उनके फेसबुक एकाउंट में सिनियर सिटीजन पेंशन कार्ड आईसीआईसीआई बैंक का लोगों सहित विज्ञापन आया था। उन्होंने विज्ञापन के लिंक को क्लिक किया। कुछ समय बाद उनके मोबाइल में अज्ञात नम्बर से फोन आया, सीनियर सिटीजन पेंशन कार्ड बनाने के लिए उनका पेनकार्ड नम्बर व बैंक डिटेल के संबंध में एटीएम कार्ड के डिजिट नम्बर मांगा गया। भरोसे में आकर उन्होंने गोपनीय जानकारी दे दी। उसके बाद उनके बैंक खाते से 9 किश्तों में 11 लाख 29 हजार रुपए ट्रांसफर कर ठगी कर ली गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

साइंस कॉलेज से शनिचरी रपटा तक हो रहा नई सड़क का निर्माण

60 फीट चौड़ी सड़क के लिए टूटेंगी आदिवासी हास्टल की बाउंड्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साइंस कॉलेज से शनिचरी रपटा तक लगभग 4.50 करोड़ रुपए की लागत से नई सड़क का निर्माण किया जा रहा है। 60 फीट चौड़ी और डेढ किमी लंबी इस सड़क की जद में जितने भी कब्जे आ रहे हैं, इन्हें हटाया जाएगा। इसमें साइंस कालेज चौक के पास स्थित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, पोस्ट मैट्रिक छात्रावास, अनुसूचित जाति छात्रावास और क्रीड़ा परिसर की जमीन भी कब्जे में आ रही है। निगम ने अब आदिवासी विकास विभाग के मामले में एनओसी मांगने के साथ ही तोड़फोड़ के लिए मार्किंग भी की है। इसमें तीनों हास्टलों की बाउंड्री को तोड़ना होगा। निगम के मुताबिक नापजोख के बाद पाया गया है कि आदिवासी विभाग की बाउंड्री शासकीय जमीन पर है जो कि विभाग को अलाट हुई कुल जमीन से अधिक है। निगम और प्रशासन का दावा है कि हास्टलों में रहने वाले बच्चों और उनके क्लासेस पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि मुख्य भवन इससे काफी दूर है। गौरतलब है कि वर्तमान में यह जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी। इस सड़क के बनने से क्षेत्र के लोगों को गड्ढों से राहत मिलेगी और ट्रैफिक व्यवस्था अधिक सुगम होगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनीश सिंह, निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने सड़क का जायजा लिया। इसमें पाया गया कि साइंस कालेज मोड़ के पास जगह काफी कम है। टर्निंग पर ही आदिवासी हास्टल एक तरफ तो दूसरी तरफ टाइल्स की बड़ी दुकान है।

- नगर निगम ने की मार्किंग



हटाए गए दुकान व मकान

अपोलो अस्पताल के पास स्थित मानसी लॉज, चिंगराजपारा मार्ग से लेकर रपटा तक कई पुराने मकान और दुकानें सड़क निर्माण की सीमा में आ रही थी जिसे हटाया गया है और सड़क बनाई जा रही है। साइंस कालेज से रपटा वाली सड़क 60 फीट की बनाई जा रही है।

- भूपेन्द्र उपाध्याय, जोन कमिश्नर



खबर संक्षेप

महिलाओं ने अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने सौंपा ज्ञापन



लोरमी। वनग्राम परसहा की महिलाओ ने पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी के नेतृव में खुड़िया चौकी में ज्ञापन सौपा। महिलाओं ने बताया की ग्राम में शराब का नशा इतना बढ़ गया है की छोटे बच्चे भी शराब के नशे के आदी हो रहे हैं और गांव में आए दिन विवाद, लड़ाई और झगड़ा हो रहे हैं। इन सभी परेशानियों को लेकर परसहा की महिलाओं ने खुड़िया थाने में आवेदन दिया, साथ ही उन्होंने नशा मुक्ति अभियान से जुड़ने के लिए गांव में समूह बनवाने का निवेदन किया। इस दौरान ग्राम के सरपंच मोतीराम बैगा एवं परसहा के पंच सहित ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।

बरतोरी में 33 लाख रुपए की आरसीसी सड़क का भूमिपूजन



दगोरी। भारतीय जनता पार्टी की विकासपरक सोच और जनहितकारी कार्यों की कड़ी में ग्राम बरतोरी में मंडी बोर्ड मद से 33 लाख रुपए की लागत से बनने वाली आरसीसी सड़क का भूमिपूजन किया गया। यह निर्माण कार्य बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के विधायक धरमलाल कौशिक की अनुशंसा एवं पहल पर स्वीकृत हुआ है। प्रस्तावित सड़क का निर्माण सोसायटी मंडी के मुख्य द्वार से खाद्य भंडारण कक्ष एवं तौल स्थल तक किया जाएगा। सड़क निर्माण से किसानों, सोसायटी के कर्मचारियों तथा ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही कृषि उपज की आवाजाही और अन्य कार्यों में भी सहूलियत होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में जनपद पंचायत के अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक, जिला पंचायत में विधायक प्रतिनिधि कोमल सिंह ठाकुर, सोसायटी अध्यक्ष रामनाथ यादव, जनपद पंचायत के पूर्व सभापति डॉ लक्ष्मण यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक कौशिक, पुरुषोत्तम यादव, अशोक मरावी, लाल बहादुर बंजारे एवं नंदू चाचा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सोसायटी कर्मचारी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

एटीआर के वनग्राम में बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण



बिलासपुर। नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति मसानगंज ने पंडाल की अध्ययन सामग्रियों को अचानकमार टाइगर रिजर्व के बफर जोन एरिया में स्थित आदिवासी वन ग्राम बैगापारा और मानपुर में किया वितरित,साथ ही माननीय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह की मुहीम आओ संवारे कल अपना में अपनी भागीदारी निभाते हुए शिक्षा के प्रति जागरूकता मे अपना योगदान दिया, चेतना मित्र जीवधर्णी फाउंडेशन द्वारा चिन्हांकित अति अभावग्रस्त वन के गांव जहाँ बैगापारा में बैगा जनजाति के लोग निवास करते हैं तथा मैनपुर में गोंड जनजाति के लोग निवास करते हैं। ये दोनों शिवतराई के निकट हैं पर दोनों मुख्य मार्ग से कई किलोमीटर अंदर वन क्षेत्र में है, ये इन अभावग्रस्त गांव में माता का आशीर्वाद स्वरुप बच्चों को पंडाल से निकाली गई अध्ययन सामग्री को बच्चों में वितरित किया गया, तथा बालिकाओं को माता का स्वरूप मानकर सम्मान करते हुए उनको स्कूल के जूते भेंट किए गए। दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों ने जीवधर्णी फाउंडेशन के साथ वन क्षेत्र में जाकर यह प्रेरणादायक पुनीत कार्य किया,नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति मसानगंज के संजय वर्मा, मंटू दीक्षित, गुड्डू सिंह कुणाल शर्मा, साहिल डालनी, माधव लाल यश पंजवानी, हर्षित वर्मा, सौम्य दीक्षित तथा जीवधर्णी फाउंडेशन से विकास वर्मा, रामचरण यादव, प्रदीप कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

गुरु रामदास का प्रकाश पर्व आज, अटूट लंगर बरतेगा



बिलासपुर। गुरु रामदास के प्रकाश पर्व बड़े ही धूम धाम से दयालबंद गुरुद्वारे में मनाया जा रहा है, जिसमें पानीपत से आए रागी जत्थों द्वारा बड़ा ही अलौकिक कीर्तन किया जा रहा है। दो दिनों से गुरुद्वारा साहिब में कीर्तन की सेवा हो रही है,जिसमें पानीपत से आए रागी भाई हरकीरत सिंह और दयालबंद गुरुद्वारे के रागी सिंग भाई हुस्न प्रीत सिंह एवं भाई मान सिंह हेड ग्रंथि कर रहे है। दयालबंद गुरुद्वारा के सहयोग से एवं सुखमनी साहिब सर्कल द्वारा गुरु रामदास का प्रकाश पर्व मंगलवार को मनाया जाएगा। जिसमें समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर वरताया जाएगा, सुबह 51 सहेज पाठ की समाप्ति हेड ग्रंथि भाई साहब मान सिंह द्वारा कराई जाएगी। गुरु रामदास का जन्म 1534 में हुआ था उन्हें गुरु अमरदास ने 1574 में गुरु गद्दी में बैठाया था वे सिख पंथ के चौथे गुरु थे उन्होंने अमृतसर शहर की स्थापना की और हरमंदिर साहिब के निर्माण की शुरुवात की। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सिख पंथ के प्रथम गुरु श्री गुरु नानकदेव के प्रकाश पुरख के उपलक्ष्य में 15 नवंबर से 21 नवंबर तक प्रभात फेरी सुबह अमृतवेले निकलने की तैयारी भी कर रही है। 21 नवंबर को नगर कीर्तन निकाला जाएगा।

अधिकारियों को दिए व्यवस्थित संचालन के निर्देश

कानून व्यवस्था एवं आगामी धान खरीदी को लेकर कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



कानून व्यवस्था की समीक्षा करते कलेक्टर एवं एसएसपी।

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने जिले में कानून व्यवस्था के संबंध में सोमवार को जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक ली। बैठक में जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, आगामी धान खरीदी की तैयारियों, विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री तोपनो ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय एवं सतर्कता के साथ कार्य करें। किसी भी परिस्थिति में कानून व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने–अपने क्षेत्रें में स्थिति पर सतत निगरानी रखें तथा किसी भी प्रकार की समस्या या संभावित अप्रिय स्थिति की जानकारी मिलने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। आगामी धान खरीदी सीजन को ध्यान में रखते हुए बैठक में खरीदी व्यवस्था को सुचारु एवं व्यवस्थित बनाए रखने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान खरीदी केन्द्र में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। किसानों को धान विक्रय के दौरान अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े तथा खरीदी प्रतिव्यवस्थित तरीके से संचालित हो, इसके लिए समयबद्ध तैयारी और सतत निगरानी आवश्यक है। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुचारु बनाए रखने के संबंध में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि नेशनल हाईवे पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़े करने पर रोक लगाई जाए। सड़क किनारे या अन्य प्रतिबंधित स्थानों पर वाहनों की पाकिंर्ग से यातायात बाधित होने के साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए नियमों का पालन सुनिश्चित करने तथा उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में शांति, सुरक्षा एवं सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी संबंधित विभाग जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें। प्रशासन एवं पुलिस के बीच बेहतर तालमेल से ही कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाया जा सकता है। अधिकारियों को यातायात व्यवस्था पर नियमित निगरानी रखने, वाहन चालकों को आवश्यक समझाइश देने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने निर्देशों का गंभीरता से पालन करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक में अपर कलेक्टर अंजोर सिंह पैकरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर, प्रशांत शुक्ला, मुंगेली एसडीएम मायानंद चंद्रा, लोरमी एसडीएम अभयजीत सिंह मंडावी, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा सहित पुलिस सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

खड़गे के बयान के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के द्वारा एक कार्यक्रम के दौरान अभद्र ढंग से ब्यानबाजी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता का उल्लेख कर अमर्यादित बातें कहने के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया।

सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय से खड़गे का पुतला लेकर नारेबाजी करते हुए जिला मुख्यालय के परशुराम चौक पुराना बस स्टैंड मुंगेली पहुंचकर पुनः नारेबाजी करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे का जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशवानी, भाजयू मो जिला महामंत्री राजेंद्र साहू, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य शैलेश पाठक, गिरीश शुक्ला, जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुनील पाठक, शिवप्रताप सिंह, कोटूमल दादवानी, शैलेन्द्र तिवारी, नगर मंडल महामंत्री मन्नूलाल श्रीवास्तव, सुनील सोनी, विजय यादव, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा राजेश्वर सिंह टंडन, संदीप सिंह ठाकुर, दीपक सोनकर, पीयूष साहू, घनश्याम यादव, अरविंद सोनी, धर्मेन्द्र चतुर्वेदी, धनराज ठाकुर, गजेंद्र साहू, संजू यादव, गुलशन राजपूत, रोशन सोनी, निमेश देवांगन, खेमराज मोहले, अजय चंद्राकर, विशाल कौशिक, विजय यादव, ओम ठाकुर, रितुराज ठाकुर, राजेंद्र खांडे, राजा पांडेय, वासु पाण्डेय, हरीश कुमार, राजू साहू, सुधांशु सिंह, मनीष भास्कर, दीपांशु दुबे, छाया सोनी, भारती पटेल, व्यास सिंह, दिलेश्वर साहू, वासु सोनी, कुबेर राजपूत, इंद्र राजपूत, भास्कर राजपूत, नेश्वर साहू, पिंटू यादव, मनीष भास्कर, ध्रुव घृतलहरे आदि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गौरेला में भाजपाइयों ने जलाया पुतला



गौरेला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा की गई कथित अमर्यादित एवं अभद्र टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को संजय चौक में मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने टिप्पणी के प्रति नाराजगी जताते हुए विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव, कन्हैया राठौर, नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे, कुबेर सर्राटी, राजकुमार रोहणी, कामता यादव, संतोष तिवारी, सौरभ साहू, अरुण तिवारी तथा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ दुबे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा युवा मोर्चा जिला महामंत्री महेश राठौर, जिला उपाध्यक्ष रजनीश तिवारी, यश तिवारी, रिजवान बिट्टू, विक्रम राठौर, प्रखर नामदेव सहित युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्रृंगार के साथ करवा चौथ मनाने की तैयारी में जुटीं महिलाएं



मुंगेली। श्रृंगार के साथ करवा चौथ का व्रत मनाने महिलाएं तैयारी में लगी हुई है, व्रत के पहले बाजार में करवा चौथ से संबंधित करवा एवं श्रृंगार सामाग्रियों की दुकानें सजने लगी है। अखण्ड सुहाग के लिए गुरूवार को सुहागिनें निर्जला व्रत रखेंगी। सुहाग की सलामती एवं लम्बी उम्र के लिए महिलाएं गुरूवार को करवा चौथ का व्रत रखेंगी। इस व्रत को खास बनाने के लिए महिलाओं के साथ नवविवाहिताओं की तैयारियां भी जोरों से चल रही है। सुहागिनें इस दिन किए जाने वाले श्रृंगार के लिए आवश्यक तैयारियां कर रही है। बाजार में महिलाओं ने श्रृंगार सामग्रियों के साथ करवा एवं आवश्यक पूजा सामग्री की भी खरीददारी की जा रही है। व्रती महिला सावित्री ने बताया कि कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को यह व्रत महिलाओं द्वारा अपने पति के दीर्घायु के लिए रखा जाता है। पति की दीर्घायु और मनवांछित वर की कामना करते हुए महिलाएं युवतियां आस्था के साथ इस दिन निर्जला उपवास रखती है। त्योहार को लेकर नई दुल्हनों में विशेष उत्साह रहता है। इस दिन खास तौर पर श्रृंगार का सामान और नए कपड़ों का ज्यादा क्रेज रहता है। सजसंवर कर महिलाएं शाम को मंदिरों एवं घरों में पूजा करती हैं। रात को चांद देखने के बाद ही पारणा करती हैं। करवा चौथ के लिए महिलाएं बाजार में खरीदारी करने पहुंच रही हैं। सुहागिनों की पहली पसंद कांच की चूड़ियां व साड़ी हैं। करवाचौथ पर खुद को सबसे सुंदर बनाने की चाह में सुहागिनें नए ट्रेंड में विभिन्न डिजाइनों के कपड़ों के साथ चूड़ियों की ज्यादा डिमांड कर रही हैं।

35 बार रक्तदान कर मिसाल बने धनश्याम



तखतपुर। रक्तदान के लिए नगर के घनश्याम श्रीवास को छत्तीसगढ़ गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। 25 अक्टूबर को राजधानी रायपुर के वृंदावन सभागृह, सिविल लाइन में दैनिक दबंग स्वर के छठवें स्थापना दिवस पर उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। घनश्याम श्रीवास वर्ष 2014 से रक्तदान, थैलेसीमिया जागरूकता, यातायात सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे अब तक 35 बार स्वैच्छिक रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने तखतपुर क्षेत्र के युवाओं को साथ लेकर रक्तदान एवं जनसेवा की मुहिम शुरू की, जो आज सर्व मानव जागृत युवा सेवा समिति तखतपुर के माध्यम से पूरे छत्तीसगढ़ में संचालित हो रही है। समिति को भी जनसेवा एवं रक्तदान के क्षेत्र में अनेक पुरस्कारों और सम्मानों से नवाजा जा चुका है।

जनपद पंचायत सीईओ ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण



मुंगेली। जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे के निर्देशन में जनपद पंचायत सीईओ संतोष घोषले ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रगतिरत एवं अप्रारंभ निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यो की वर्तमान स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं मैदानी अमले को कार्यो में तेजी लाने, निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप निर्माण सुनिश्चित करने तथा अधूरे कार्योंर् को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान ग्राम बरदुली, भठलीकला, झझपुरीखुर्द, बुचवाकापा एवं खाम्हीकुर्मी में संचालित और अप्रारंभ निर्माण कार्यो की स्थिति का अवलोकन किया गया। इनमें ग्राम बरदुली में बालिका शौचालय निर्माण एवं प्राथमिक शाला भवन निर्माण के लिए लेआउट से संबंधित कार्य, ग्राम भटलिकला में उपस्वास्थ्य केंद्र एवं मुक्तिधाम निर्माण, ग्राम झझपुरीखुर्द तथा बुचवाकापा में बालिका शौचालय निर्माण और ग्राम खाम्हीकुर्मी में मुक्तिधाम निर्माण कार्य शामिल हैं। जनपद पंचायत सीईओ श्री घोषले ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जिन निर्माण कार्योंर् में अब तक काम प्रारंभ नहीं हुआ है, उन्हें आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र प्रारंभ कराया जाए। वहीं, जिन कार्यो में निर्माण प्रगति पर है, उनमें पर्याप्त श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए कार्य की गति बढ़ाई जाए, ताकि निर्माण कार्योंर् को समय–सीमा में पूर्ण किया जा सके। उन्होंने निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने पर जोर देते हुए कहा कि सभी कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कराए जाएं। निर्माण कार्यो में अनावश्यक विलंब न हो, इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए और मैदानी स्तर पर आने वाली समस्याओं का समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायतों में पर्याप्त संख्या में श्रमिकों को नियोजित करने के निर्देश भी दिए गए।

जेएमपी कॉलेज में सतर्कता जागरूकता सप्ताह



तखतपुर। शासकीय जेएमपी महाविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों में सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता तथा भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता की भावना विकसित करना था। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम सत्यनिष्ठा से समृद्धि के अनुरूप उपस्थित सभी सदस्यों ने ईमानदारी एवं नैतिक मूल्यों का पालन करने, भ्रष्टाचार से दूर रहने तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ करने की शपथ ली। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद दुबे, डॉ मीना शर्मा, डॉ राजीव शर्मा, डॉ सीमा मनीषानाथ सहित महाविद्यालय के अन्य सहायक प्राध्यापक, कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ समिता बारगाह द्वारा किया गया।

महामेरू शक्तिपीठ में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन



गौरेला। अमरकंटक के सोनमुड़ा रोड स्थित श्री यंत्र महामेरू शक्तिपीठ में 23 से 26 अक्टूबर तक आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का सोमवार को विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच समापन हुआ। अंतिम दिवस पूर्णाहुति कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई और धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। सोमवार को प्रातः 3 बजे से ही धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम शुरू हो गया। निर्धारित विधि-विधान के अनुसार यज्ञ मंडप पूजन, स्पर्श आहुति, मूर्ति संबंधी वैदिक विधान, प्राण-प्रतिष्ठा, महाकुंभ अभिषेक और दीप आराधना सहित विभिन्न धार्मिक क्रियाएं संपन्न कराई गईं। इसके पश्चात विधिवत पूर्णाहुति दी गई। वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव से आयोजन में शामिल हुए।

सतबहिनिया मंदिर में शरद पूर्णिमा पर उमड़े श्रद्धालु



मल्हार। धार्मिक एवं ऐतिहासिक नगरी मल्हार में शरद पूर्णिमा के अवसर पर मां सतबहिनिया मंदिर में आस्था का विशेष नजारा देखने को मिला। शारदीय नवरात्रि के दौरान भक्तों द्वारा प्रज्वलित कराए गए 51 मनोकामना ज्योति कलशों का विधि-विधान से विसर्जन किया गया। इस अवसर पर आयोजित दशहरा मेले में आसपास के गांवों सहित दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचे और मां सातो बहिनिया के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। मल्हार व ग्राम कटहा के बीच प्राकृतिक नाला के किनारे स्थित मां सतबहिनिया मंदिर में नवरात्रि की शुरुआत सप्तमी तिथि से होती है। स्थानीय मान्यता के अनुसार, इस परंपरा की शुरुआत भैना समाज के मलेछ भैना द्वारा की गई थी। तभी से यह धार्मिक आयोजन स्थानीय आस्था और लोक परंपरा का हिस्सा बना हुआ है। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं के साथ ज्योति कलश प्रज्वलित कराते हैं और शरद पूर्णिमा पर ज्योति-जंवारा विसर्जन के साथ पूजा का समापन होता है।

सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुंगेली के तत्वावधान में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। लायर्स हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों, पुलिसकर्मियों और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों को बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण एवं कानूनी अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम की मुख्य थीम "जागरूकता, सुरक्षा और संरक्षण हर बच्चे का अधिकार" तथा संदेश "हर बच्चे का बचपन, हम सबकी जिम्मेदारी" रखा गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम, बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संवेदनशील बनाना था, ताकि जरूरतमंद बच्चों को समय पर सहायता और संरक्षण उपलब्ध कराया जा सके।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष गिरिजा देवी मरावी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी सचिव सतीश कुमार खाखा, मुख्य विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता टीकम चंद्राकर तथा थाना प्रभारी पथरिया कार्तिकेश्वर जांगड़े उपस्थित रहे। वक्ताओं ने प्रतिभागियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 पाक्सो एक्ट के प्रमुख कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही बच्चों की व्यक्तिगत सुरक्षा, ऑनलाइन सुरक्षा, बाल अधिकारों, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा बाल संरक्षण के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला न्यायालय मुंगेली के समस्त न्यायाधीशगण, मुंगेली विकासखंड के शासकीय एवं निजी विद्यालयों के शिक्षकगण, जिला कलेक्टोरेट एवं पुलिस विभाग के प्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के प्रतिनिधि, पैरा लीगल वालंटियर्स तथा बाल कल्याण समिति के अधिकारी–कर्मचारी प्रमुख रूप से शामिल हुए।

मौसम विभाग ने 29 को भारी बारिश का किया रेड अलर्ट जारी

मुंगेली। मौसम विभाग द्वारा 29 अक्टूबर को जिले में अत्यधिक भारी वर्षा, गरज–चमक एवं तेज हवाएं चलने की संभावना के मद्देनजर रेड अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की गति 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है। मौसम की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से विशेष सतर्कता बरतने और आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की है।

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि खराब मौसम के दौरान अत्यंत आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि गरज–चमक एवं आकाशीय बिजली की स्थिति में खुले मैदान, ऊंच स्थानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें। तेज हवाओं के दौरान जर्जर भवनों, कमजोर मकानों, बिजली के खंभों, विद्युत तारों, पेड़ों एवं होर्डिंग के आसपास न रहें। नागरिक मौसम विभाग और जिला प्रशासन द्वारा जारी अधिकृत सूचनाओं एवं दिशा–निर्देशों का पालन करें तथा अफवाहों और अपुष्ट जानकारी पर विश्वास करने से बचें। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि खराब मौसम, तेज हवाओं एवं आकाशीय बिजली की संभावना के दौरान खेतों और खुले स्थानों में काम करने से बचें।